RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 181 | ग्वालियर बुधवार 12 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## स्थानीय निवासियों के मुद्दे को प्राथमिकता से किया था प्रकाशन खबर का हुआ असर

### मंत्री लखन पटेल के कार्यालय से भेजा सड़क का स्वीकृति लेटर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** – दमोह विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मडला आदोलिया देव स्थल क्षेत्र एवं मेला नाम से प्रचलित मकर संक्रांति के पावन त्यौहार के शुभ अवसर पर देव स्थल क्षेत्र में दर्शनार्थी भारी संख्या में पहुंचते हैं। एक दिन पूर्व वहां से निकल रहे ,दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अखबार जिला प्रतिनिधि को आस-पास के लोगों के द्वारा मिली जानकारी अनुसार पक्की सड़क न होने से


राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पटेल के द्वारा प्रसिद्ध देव क्षेत्र आदोल्या मेला पक्की सड़क के आश्वासन दिखा हवा हवाई

हो रही परेशानियों के चलते खबर को प्रकाशित किया गया था। फिर अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल के वहां से खबर को संज्ञान में लेते हुए। दैनिक केसरिया हिंदुस्तान के जिला प्रमुख को जानकारी देते हुए, अवगत कराया कि ग्राम खैरी से ग्राम मडला-आदोलिया पक्की सड़क मार्ग कुछ माह पहले मंजूर हो गई है जोकि जल्दी ही कार्य प्रगति पर होगा ताकि आवागमन में हो रही लोगों को परेशानियों से निजात मिलेगी।

## रेलवे प्रशासन द्वारा माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं के लिए सुगम सुविधाओं की समीक्षा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

**प्रयागराज,** माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर संगम में स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल मंडल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ जिला अपराध निरोधक समिति, प्रयागराज के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्री बडोनी ने रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, यात्री आश्रय स्थल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने यह



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से संचालित किया जाए।

रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षा, जल आपूर्ति, साफ-सफाई एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है, जिससे यात्रियों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। विशेष ट्रेन संचालन एवं हेल्पडेस्क की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस निरीक्षण के दौरान जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों ने रेलवे अधिकारियों को आवश्यक सुझाव भी दिए और यात्री सेवा में सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई।रेलवे प्रशासन श्रद्धालुओं से अपील करता है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और किसी भी असुविधा की स्थिति में रेलवे हेल्पलाइन या स्टेशन प्रशासन से संपर्क करें।

## कलयुगी मां ने जन्म दो दिया लेकिन भरण पोषण न कर सकी मां खेत में नवजात शिशु को छोड़ा

### ग्राम प्रधान ने स्वास्थ्य केंद्र पर कराया भर्ती,चाइल्ड हेल्पलाइन सुपर्द कर दी कन्या

केसरिया हिन्दुस्तान
मोहित यादव लव

**एटा** जनपद के सकीट थाना क्षेत्र के नन्दपुर बेलामई में कलयुगी मां ने नवजात कन्या को मरने के लिए खेतों में छोड़ दिया,बच्ची की किलकारी सुन पास से गुजर रहे किसान की नजर पड़ी तो सूचना ग्राम प्रधान को दी गई गई।मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान शैलेश यादव ने मासूम बच्ची को सकीट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने तत्काल बच्ची का इलाज शुरू कर दिया नवजात शिशु को डॉक्टरों ने वेक्सीन लगाते हुए स्वस्थ्य बताया है।वहीं सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को दी गई।चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट मैनेजर ज्योति शर्मा मौके पर पहुंची उन्होंने बच्ची का नाम अन्वी रखा है।चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्ची को बाल कल्याण समिति के समझ पेश किया जायेगा ।जो निर्णय बाल कल्याण समिति लेगी उसी पर अमल किया जाएगा।अगर कोई व्यक्ति बच्चे का दावा करता है तो वह चाइल्ड हेल्पलाइन से संपर्क कर सकता है।




चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट मैनेजर ज्योति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया नंदपुर बेलामई गांव में बच्ची मिली थी गांव के प्रधान ने सूचना दी। सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची और बच्ची का रेस्क्यू किया। बाल कल्याण समिति के पास बच्ची को पेश किया जाएगा जो निर्णय बाल कल्याण समिति लगी उसी के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

## एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय:अजय कुमार दुबे

दुर्गेश्वर सोनी केसरिया हिन्दुस्तान
ब्यूरो चीफ देवरिया

भाटपार रानी,देवरिया।स्थानीय उपनगर स्थित मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भाजपा भाटपार रानी मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय की अध्यक्षता में समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर





खड़े गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु समर्पित पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण कुशवाहा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मक मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता थे। वह कुशल संगठन कर्ता एवं प्रखर वक्ता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन सादगी से ओत-प्रोत था। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मंटू पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुशील कुमार शाही, कालीप्रसाद मिश्र, मंगल प्रताप शाही, सुरेश तिवारी, राजेंद्र जायसवाल, अमित शाही, आदित्य शाही, विवेक मद्धेशिया, लाल बाबू यादव,सोनू वर्मा,सुभंजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शशि भूषण श्रीवास्तव, जितेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुशवाहा,संजय पांडेय, हृदयानंद गुप्ता,देवेश पांडेय, धर्मेंद्र कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, अशोक तिवारी,राम अवधेश कुशवाहा,लाल जी यादव,राज कुमार मिश्र, अखिलेश कुशवाहा,झुन्ना यादव, शैलेश तुरहा, सुरेन्द्र चौहान,विजय वरनवाल, शैलेंद्र प्रजापति, हनुमान जायसवाल,अक्षयवर

## समाधान शिविर में दर्ज हुई 11 शिकायतें, नागरिकों को मिला समाधान का प्रभावी मंच





**नूंह 11 फरवरी** – नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिले में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 11 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनके निपटान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निपटारे के निर्देश दिए।

समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों को सुगमता से निपटाना और प्रशासन व जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ करना है। शिविर के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर नागरिकों के लिए एक प्रभावी मंच है, जहां वे अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख सकते हैं। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है और जनता का प्रशासन में विश्वास बढ़ता है। शिविर में जल आपूर्ति, विद्युत, विधुर पेंशन, पुलिस, राजस्व संबंधी मुद्दों के साथ-साथ अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इसमें भाग लें।

## यूनानी के जन्मदाता हकीम अजमल खां के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कंकरखेडी में लगाया गया निशु:ल्क यूनानी स्वास्थ्य कैम्प: डा. यशबीर गहलावत

**नूंह नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत के मार्गदर्शन में यूनानी के जन्मदाता हकीम अजमल खां के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कंकरखेडी में निःशुल्क यूनानी स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरशद चैयरमेन ब्लॉक समिति नगीना, डॉ कमरुद्दीन जाकिर पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह, हाजी असगर सरपंच , मोहम्मद नसीर, द्वारा रीबन काटकर किया गया तथा हकीम अजमल खां की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस कैम्प में यूनानी ,आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक,



पंचकर्म व योग पद्वति द्वारा कुल 481 रोगियों का उपचार किया गया और जरुरतमदों को निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। इस कैम्प रोगियों के मधुमेह व बी.पी. की जाचं की गई तथा योग सहायक मनीष, सुमित्रा द्वारा रोगियों को योगा कराया और योग के लाभों के बारे में बताया। इस कैम्प में नोडल अधिकारी डा. अब्दुल सलाम, यु.एम.ओ. व डा. मौ. अरसद यु.एम.ओ. द्वारा बताया कि हकीम अजमल खान को बीसवीं सदी के यूनानी चिकित्सा पद्धति के भारतीय विद्वानों और चिकित्सकों में सबसे महत्वपूर्ण नाम माना जाता है। वे न केवल एक योग्य चिकित्सक थे, बल्कि एक प्रतिष्ठित साहित्यकार, एक सच्चे देशभक्त, एक पूर्ण लोकतंत्रवादी, एक अनुभवी राजनेता और एक महान मानवतावादी भी थे। उन्होने आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कालेज की दिल्ली में स्थापना की और 1905 में यूनानी और आयुर्वेदिक दवाइयों के निर्माण के लिए दिल्ली में हिंदुस्तानी दवाखाना की स्थापना की। तीन साल बाद उन्होंने महिलाओं के लिए यूनानी मेडिकल स्कूल शुरू किया। इस कैंप में डा. नसीम रजा, डा. शंशाक, डा. मनोज कुमार, डॉ असलम अली, डा. जबुर अहमद, डा. नजीब, डा. सैकुल, डा. तरुण, डा. राशिद, डा. अतुल, जुबेर, जावेद, शकील अहमद, मकशूद अहमद, राजकुमार सहित अन्य आयुष स्टाफ उपस्थित रहा।

## व्यापारी प्रकोष्ठ को प्रभावी बनाने के लिए बाजारों में करेंगे इकाइयों का गठन - जयप्रकाश राजोरिया

### संयोजक अमर मखीजा एवं सुनील अग्रवाल सनी ने दिया 11 हजार आजीवन सदस्यता शुल्क

कपिल गोयल (दैनिक केसरिया हिंदुस्तान)

**ग्वालियर** – व्यापारिक प्रकोष्ठ महानगर का बीजेपी मुख्यालय पर स्वागत सम्मान समारोह हुआ,जिसके मुख्यअतिथि नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजोरियाजी एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री अभय चौधरी जी थे, व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा सहयोगियों का सम्मान किया एवं आज से प्रारंभ हुई आजीवन सहयोग निधि में व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक अमर माखीजा एवं सुनील अग्रवाल सनी द्वारा ? 11, 11, हजार आजीवन सहयोग निधि दी गई, इस अवसर पर श्री राजोरिया जी ने कहा ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए साथ ही व्यापारी प्रकोष्ठ को और प्रभावी बनाने सभी बाजारों में प्रकोष्ठ की इकाइयों का गठन किया जाए, श्री अभय चौधरी जी द्वारा प्रकोष्ठ के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की और आगामी कार्यक्रमों में महानगर के आम व्यापारी को प्रकोष्ठ से जोड़कर



भाजपा की रीति नीतियों को आगे बढ़ाने के कार्य करने का सुझाव दिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीअमर माखीजा ने स्वागत किया , साथ ही जीवाजीक्लब के नवीन अध्यक्ष श्री राजू सेठ का सम्मान किया गया, सभा में पधारे हुए अतिथियों एवं प्रकोष्ठ के सहयोगियों की उपस्थिति हेतु सहसंयोजक सुनील अग्रवाल सनी ने आभार व्यक्त किया,

## एसडीएम द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में पहुंचकर निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो
पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** हमारा आंगन हमारे बच्चे निपुण भारत कार्यक्रम के तहत उप जिला अधिकारी नागेंद्र पांडे द्वारा कार्यक्रम में पहुंचकर निपुण बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई उप जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि आप लोग शिक्षक होने के साथ-साथ अभिभावक बनकर नन्हे मुन्ने बच्चों को पढ़ाइए जब नन्हे मुन्ने बच्चों की नींद मजबूत होगी तभी बच्चा आगे जाकर कुछ कर पाएगा एक शिक्षक की जिम्मेदारी तथा पद इतना बड़ा है कि उसकी गर्म का कोई बखान नहीं किया जा सकता आप लोगों को अपनी इस गर्म को सदा बनाए रखना है छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ने में हर संभव प्रयास करें तथा इनकी पढ़ाई में कोई कोर कसर



न छोड़ें जब हमारे जिले के हमारे देश के बच्चे होशियार होनहार होंगे तभी हमारा समाज हमारा देश शिक्षित भारत कहलाएगा यह नन्हे मुन्ने बच्चे देश की धरोहर है इन्हें शिक्षा ज्ञान मिलेगा तभी हमारा देश मजबूत होगा आगे चलकर यही बच्चे अपने स्कूल अपने जिले अपने देश का नाम रोशन करेंगे इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार खंड विकास अधिकारी वेद प्रकाश क्षेत्र से आई हुई आंगनबाड़ी कार्य कत्री शिक्षक तथा अन्य लोग मौजूद रहे

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर बुधवार 12 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# पुरस्कार पाकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता हैं : पूर्व विधायक रघुराज कंसाना

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**मुरैना।** पुरस्कारों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती हैं। खेलों का हमारे सामाजिक जीवन में विशेष महत्व है। खेलों से न केवल तनाव दूर होता है बल्कि समय प्रबंधन , नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास के साथ -साथ चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी बढ़ती है। उक्त उदगार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुराज कंसाना ने एसएएफ ग्राउंड पर नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि नेहरू युवा केन्द्र ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य रहा है, वह प्रशंसनीय है।अध्यक्षता जिला पुरातत्व अधिकारी डॉ अशोक शर्मा ने की । इस मौके पर डीएसी सदस्य सोनू खटीक , अमन सिकरवार, मप्र फुटबॉल संघ के सचिव रामचन्द्र तोमर, रासेयो अधिकारी विजय शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम पर्यवेक्षक दिलीप सुमन, कार्यक्रम सहायक रामविलास शर्मा, पूर्व एनवाइवी दीपक शर्मा, शिक्षक कुलदीप कुलश्रेष्ठ मौजूद रहे। इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र ने विजेता,उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और टी शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया।

**ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत :-**

गोला फेंक (पुरुष) सूरज, धर्मेन्द्र,रवि सिंह, गोला फेंक (महिला) रिंकी,आयुषी, वैष्णवी सिकरवार, दौड़ (पुरुष) विजय, पुष्पेन्द्र, आकाश मौर्य, दौड़ (महिला) अनुपमा चौहान, वंशिका राजावत, नंदनी राठौर, रस्साकस्सी (पुरुष) में विजेता मुरैना, उपविजेता जौरा,खो- खो (महिला) में मुरैना शहरी विजेता, मुरैना ग्रामीण उपविजेता।

### पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

# के शुभ अवसर पर अतिशय क्षेत्र सिहोनिंया जी में श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शन करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह।** मुरैना जिले के पास अतिशय क्षेत्र सिहोनिंया जी में छः दिवसीय चल रहे भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन के दिन मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। सभी इंद्र द्वारा पीले धूले हुए वस्त्र पहन कर समोशरण में एवं नवनिर्मित कमल मंदिर में आचार्य श्रीं वसुनंदी सागर महाराज जी संसंघ जी द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ वेदीयो पर प्रतिमा स्थापित की गई ।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री वसुनंदी सागर महाराज जी संसंघ जी से लिया आशीर्वाद और भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर बोले कि अतिशयकारी प्रतिमा के दर्शन करने से पाप नष्ट होते है। पुण्य की प्राप्ति होती है। जैन समाज छोटे से छोटा जीव को देखते हुए चलता है। वह आंखें झुका कर ही चलता है जिसे कोई चींटी ना मर जाए। आचार्य बसुंनदी महाराज ने उपमुख्यमंत्री से कहा कि गो संवर्धन ओर कुटीर उद्योग से ही राज्य की उन्नति संभव है। इसलिए इन पर ध्यान दिया जाए और आचार्य श्री ने कहा कि प्राकृतिक भाषा पर ही ध्यान देने की बहुत जरूरत है।

### रामलीला महोत्सव में पहुंचे धर्मगुरु किरण दद्दा 41 हजार रुपए का दिया दान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

ग्राम परसोंदा में चल रही श्री राम लीला में पहुंच कर धर्म गुरु महंत किरन दद्दा दीक्षित समाज सेवी मिहोना ने किया 41000 हजार रुपए का दान परसोंदा गुर्जर में चल रही राम लीला में पहुंच कर सभी भक्तों को संबोधित करते हुए किरन दद्दा ने सभी उपस्थित जनसमुदाय से धार्मिक एवम सामाजिक कार्य करने की अपील की ,किरन दद्दा ने कहा की परोपकार से बढ़ कर कोई पुण्य नही है हमेशा दूसरों का हित करें समाज में आपसी सदभाव और भाईचारा वना कर रहे इस मौके पर राम लीला आयोजक कमेटी ने किरन दद्दा का शॉल श्री फल से जोरदार स्वागत सम्मान किया जिसमे मुख्य रूप से सूरदास महाराज महंत,आनंद उपाध्या ,रंजीत बघेल रसूलपुरा ,के एस बघेल ,बल्ले कुशवाह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शहर के पेट्रोल पंपों पर 12 फरवरी को 8 शक्ति दीदियाँ संभालेंगीं फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

### कलेक्टर एवं एसपी की मौजूदगी में गणेश पेट्रोल पंप काल्पीब्रिज पर लता व संजू बनेंगीं शक्ति दीदी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में 卐शक्ति दीदी के नाम से प्रेरणादायी पहल हुई है। इस पहल के तहत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। बुधवार 12 फरवरी को शक्ति दीदी पहल के तहत 8 जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। ज्ञात हो शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 13 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे। महिला फ्यूल वर्कर के रूप में तैनात शक्ति दीदी की ड्यूटी की अवधि प्रात: 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रहेगी।

कलेक्टर श्रीमती चौहान 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे काल्पीब्रिज मुरार स्थित गणेश पेट्रोलियम पंप पर सुश्री पूनम राजौरिया व सुश्री संजू गर्ग को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपेंगीं। इसी तरह ग्वालियर सर्विस पेट्रोल पंप फूलबाग पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार सुश्री सुरभि शाक्य को, मिश्रा फिलिंग स्टेशन सिटी सेंटर पर अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम सुश्री नीलम वर्मा व सुश्री चित्रा शर्मा को, विवेक ऑटोमोबाइल सांई बाबा मंदिर रोड पर अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह सुश्री रेनू बाथम को एवं श्री हरिलीला सर्विसेज लक्ष्मीगंज पेट्रोल पंप पर संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन, सुश्री पूनम व सुश्री सोनम को शक्ति दीदी के तहत फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपेंगे। जिन महिलाओं को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल वर्कर के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, वे ऐसी महिलायें हैं जो जरूरतमंद हैं, अपनो द्वारा उपेक्षित हैं अथवा जिनके पति का असमय निधन हो चुका है।

# ग्वालियर मेले में तीन दुकानों में अग्नि दुर्घटना

### फायर ब्रिगेड के माध्यम से तत्परता से अग्नि पर किया काबू

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में मंगलवार की शाम तीन दुकानों में अग्नि दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड के दल ने तत्परता से पहुँचकर आग पर काबू पाया। अग्नि दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। अपर कलेक्टर एवं मेला अधिकारी श्री टी एन सिंह घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मेला पहुँचे। मेला प्राधिकरण में ही नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्थापित फायर स्टेशन के माध्यम से अग्नि दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पा लिया गया। मेले में तीनों दुकानों पर प्लास्टिक एवं हौजरी का सामान रखा हुआ था। प्रशासन द्वारा अग्नि दुर्घटना में प्रभावितों को यथा संभव सहायता देने की बात भी कही है। इस मौके पर एसडीएम श्री अशोक चौहान, श्री नरेन्द्र बाबू यादव, मेला सचिव श्री टी आर रावत, फायर ऑफीसर श्री अतिबल सिंह यादव एवं विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर अग्नि दुर्घटना पर प्रभावी कार्रवाई कराई।

# बन विभाग ओर पुलिस प्रशासन की जोरदार कार्यवाही अवैध चम्बल रेत की हजारों ट्राली रेत को किया जमींदोज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर



चम्बल नदी के नगरा घाट पर अवैध परिवहन कर हजारों ट्राली रेत डंप कर चम्बल के नगरा घाट के बीहड़ में बन विभाग की टीम लगातार 5 बे दिन कार्यवाही जारी । 5 दिन में लगभग 15000 ट्राली रेत नष्ट किया गया आज करीब 2500 ट्राली रेत को नष्ट किया गया ने बन विभाग ने मौके पर पहुंच कर रेत को जमीदोज किया । चंबल नदी का रेत डंप कर करके सरकारी निर्माणों में इस्तेमाल किया जा रहा था , रेत प्रतिबंध होने के बावजूद पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका, पुलिस विभाग व प्रशासनिक स्तर से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में चंबल के रेत को मनमानी से चलाया जाता था। वहीं शहर से कस्बों तक यदि कोई मकान, दुकान या अन्य निर्माण के लिए चंबल का रेत ले जाता पकड़ा जाता है तो उसे अवैध माना जाता है। मजबूरी में लोगों को चोरी छिपे महंगे दामों पर रेत खरीदना पड़ रहा लेकिन इस बार पुलिस ओर बन विभाग की संयुक्त टीम ने मिलकर चंबल के बीहड़ में जगह जगह सर्च कर भारी मात्रा में रेत को नष्ट किया रेत माफियाओं ने बचाओ के लिए जगह जगह रास्ते ब्लॉक कर दिए इसके बाबजूद बन विभाग ने काफी मात्रा में माफियाओं को नुकसान पहुंचाया इस सम्बन्ध में बन विभाग के अधिकारी रेंजर दीपक शर्मा जी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि काफी मात्रा रेत माफियाओं के द्वारा रेत इकठ्ठा किया गया था जिसे बन विभाग ओर पुलिस टीम के साथ मिलकर नष्टीकरण किया गया।

### संत रविदास जी की जयंती पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा माल्यार्पण एवं संत जनों का सम्मान कार्यक्रम आज

**ग्वालियर।** संत शिरोमणि रविदास जी महाराज जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 12 फरवरी को सुबह 10 बजे वार्ड नंबर 33 स्थित लक्ष्मण तलैया पर संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं संतजनों का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष संतोष गोडयाले ने दी।

# नव निर्वाचित भूतपूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



लहार ब्लाक के भूतपूर्व सैनिक संघ ने बीते रोज मिटीगं आयोजित कर सर्व सहमति से लहार विधानसभा के ग्राम केशवगण निवासी भारतीय सैना के पूर्व कैप्टन रामवाहादुर सिंह राजावत को भूतपूर्व सैनिक संघ का अध्यक्ष चुना था रामवाहादुर सिंह को अध्यक्ष वनाये जाने से उनके शुभचिंतकों में खुसी की लहर दौड़ गई और पुरे क्षेत्र के गणमान्य लोग द्वारा उन्हें वधाई प्रेषित की जा रही है जगह जगह उनका स्वागत हो रहा है इसी क्रम में लहार नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और केसरिया हिन्दू वाहिनी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सौनी उर्फ मामा ने भी अपने निज निवास पर आयोजित स्वागत समारोह में नव निर्वाचित भूतपूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष राम वाहादुर सिंह का जोरदार स्वागत किया इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी रामवाहदुर सिंह का फुल मालायें पहना कर स्वागत किया

# जनसुनवाई में 112 आवेदनों का निपटारा बुजुर्ग को बेटे से भरण-पोषण मिलेगा

**श्योपुर।** श्योपुर कलेक्टर कार्यालय में हुई जनसुनवाई में 112 आवेदनों का निराकरण किया गया। कांती बाई बैरवा ने इकलौते बेटे हंसराज की भरण-पोषण नहीं करने की शिकायत की थी। वर्तमान में वह अपने पीहर ग्राम बिचगावडी में रह रही है। कलेक्टर ने एसडीएम मनोज गढवाल को निर्देश दिए कि बेटे को नोटिस जारी कर बुलाया जाए और मां के भरण-पोषण के लिए पाबंद किया जाए। जनसुनवाई में दिव्यांग धर्मराज आदिवासी को मौके पर ही ट्राइसिकल दी गई। वहीं, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल



योजना के तहत वार्ड नंबर 20 श्योपुर की निवासी मोहनी बाई के मामले में ईपीओ जारी होने की जानकारी दी गई। उन्हें जल्द ही दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि उनके बैंक खाते में जमा होगी।

आवास योजनाओं से जुड़े आवेदनों पर भी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास के लिए सर्वे चल रहा है, जबकि शहरी क्षेत्र के लिए आवेदन ऑनलाइन किए जा सकते हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।

# रोजगार छिना, सदमे में पत्नी की मौत मुरैना में कर्मचारी बोले- शक्कर कारखाना बंद होने से सड़क पर आया परिवार

**मुरैना।** यह दर्द मुरैना के कैलारस में 13 साल से बंद पड़े शक्कर कारखाने के कर्मचारी का है। सरकार ने कारखाने की जमीन नीलाम करने का निर्णय लिया है। बीती 21 जनवरी को सुबह करीब 10.30 बजे फैक्ट्री की कृषि भूमि की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। एडीएम के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया। जमीन को खरीदने के लिए पांच खरीददारों ने 5 लाख रुपए की राशि जमा की थी लेकिन बोली शुरू होने से पहले ही नीलामी रोक दी गई। दरअसल, किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता इस नीलामी के विरोध में हैं। वे करीब 800 ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर नीलामी स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने सत्याग्रह और जेल भरो आंदोलन किया। नीलामी के दौरान जिन प्रतिभागियों ने राशि जमा कराई, उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए। उन्होंने लिखित में बताया कि नीलामी में लगाई जाने वाली बोली बाजार के मूल्य से ज्यादा है। इसके बाद नीलामी स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय, सीपीआईएम नेता अशोक तिवारी समेत स्थानीय किसान समय-समय पर कारखाने की नीलामी के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि सरकार अगर 200 करोड़ रुपए इंवेस्ट कर दे तो यह फैक्ट्री दोबारा शुरू की जा सकती है। दैनिक भास्कर की टीम कैलारस पहुंची और कारखाने के पूर्व कर्मचारियों से मिलकर इसके बंद होने के असर को लेकर बातचीत की।



फैक्ट्री के ठीक सामने 80 साल के घनश्याम दास करमैया का मकान है। उन्होंने कारखाने की शुरुआत यानी 1 जुलाई 1971 से ही नौकरी शुरू कर दी थी, वर्ष 2002 में रिटायर हो गए। इसके बाद उनकी पत्नी शीला का निधन हो गया। वे फैक्ट्री में मिल हाउस इंचार्ज के पद पर थे। उनका काम मशीन को खोलना, उसकी फिटिंग करना और रनिंग में लाना था। उनका एक बेटा और तीन बेटियां हैं। बेटे नरेंद्र की पत्नी का भी निधन हो चुका है। घनश्याम दास बताते हैं कि बेटा नरेंद्र कैलारस में ही प्राइवेट डॉक्टर की क्लिनिक पर कंपाउण्डर का काम करता है। महीने में लगभग पांच हजार रुपए तक कमा लेता है। इसी से परिवार का गुजारा होता है। तीन में से दो बेटियों की शादी हो गई, एक अभी कुंआरी है। उसकी शादी करना है लेकिन मेरे पास फूटी कौड़ी नहीं है।

गरीबी के कारण बेटा ज्यादा पढ़-लिख नहीं सका। अगर शक्कर कारखाना चालू होता तो उसे यहीं नौकरी मिल जाती और आज हमारे परिवार की माली हालत ऐसी नहीं होती। घनश्याम दास के मकान के बगल में ही विजय भारत जगा (64) का मकान है। वे फैक्ट्री में लेथ मशीन ऑपरेटर रहे हैं। 1980 में नौकरी शुरू की थी, कागजों में 2020 में रिटायर हो गए। उनका कहना है कि 2011 में फैक्ट्री के बंद होने के कारण मैं 9 साल तक खाली बैठा रहा। फैक्ट्री से एक रुपया भी नहीं मिला। आज भी ग्रेच्युटी और सैलरी का मिलाकर करीब 10 लाख रुपए कारखाना प्रबंधन से लेने हैं। विजय ने बताया- मेरे तीन बेटे और उनकी तीन बहुएं हैं। नाती-पोते समेत कुल 8 सदस्यों का परिवार है। तीनों बेटे मजदूरी करते हैं।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जनसुनवाई में 134 आवेदनकर्ताओं को सुना



**मुरैना।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक जिला, खंड, नगरीय निकाय, पंचायत स्तर पर हर कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने 134 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। जिनमें 02 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में ही संभव था। जिसे पोर्टल पर दर्ज किया, उसका निराकरण साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर की उपस्थिति में किया जायेगा। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर श्री वीरेन्द्र कटारे, सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, नायब तहसीलदार सहित अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्री भार्गव ने कहा कि अधिकारी जनसुनवाई के आवेदनों पर विशेष ध्यान दें, ताकि लोगों के काम समय पर निराकृत हो सकें।

# सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रबंधन एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

**सीधी।** सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था, भगदड़ तथा अन्य दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित न हो, को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 202× की धारा 16× (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया गया है। जारी आदेशानुसार आयोजक द्वारा सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में संभावित भगदड़ को रोकने की समुचित व्यवस्था, आगमन और निर्गम के रास्तों का सुव्यवस्थित बैरिकेटिंग एवं सुचारू रूप से भीड़ पर समुचित नियंत्रण की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। विपरीत दिशा में लोगों के अचानक प्रवाह को रोकने एवं विपरीत दिशाओं में जाती अत्यधिक भीड़ के बीच टकराव रोकने की भी समुचित व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल के सभी सकरे प्रवेश एवं निर्गम द्वारों को चिन्हित कर इनसे प्रवेश एवं निर्गम करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियत की जाकर पुलिस प्रशासन/स्थानीय निकाय को अवगत कराना अनिवार्य होगा। श्रृद्धालुओं के आने-जाने के लिए पृथक-पृथक मार्ग निर्धारित किए जाए और यथासंभव महिला-पुरुष के लिए पृथक-पृथक व्यवस्था की जाए। यदि प्रवेश एवं निर्गम हेतु एक ही द्वार हो, तो कार्यक्रम हेतु अस्थाई द्वार बनाना अथवा किसी अन्य व्यवस्था द्वारा खतरे को कम करने का कार्य पूर्व से निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा। आपात स्थिति में भगदड़ रोकने हेतु आपातकालीन द्वार एवं प्रेशर रिलीज प्वाईन्ट पूर्व से ही चिन्हित कर, उसे आपात स्थिति के दौरान खोलने हेतु प्रक्रिया निर्धारित किया जाना आवश्यक होगा। लोगों की सुरक्षा के लिए सी.सी.टी.व्ही कैमरे, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, वॉच टावर की व्यवस्था किया जाना आवश्यक होगा। यातायात प्लान एवं जगह-जगह पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। यदि आयोजन स्थल के पास नदी, नाला आदि हो तो वहाँ सेवादार अथवा पुलिस बल की तैनाती के साथ नाव तथा गोताखोर की व्यवस्था रखी जाये और यदि उसे पार करने के लिए स्थाई पुल न हो तो अस्थाई पुल का निर्माण कराया जाना आवश्यक होगा। उपहार/भोजन/प्रसाद/कंबल आदि के मुफ्त वितरण के दौरान भगदड़ रोकने की व्यवस्था की जाना एवं अधिक भीड़ होने पर सामग्री के वितरण पर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य होगा।

कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु स्थल निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल पर समुचित बिजली, शुद्ध पेय जल एवं सुलभ शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। विद्युत एवं पानी की व्यवस्था का अचानक तथा लंबे समय तक ठप्प होने की स्थिति में वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था यथा जनरेटर, पानी के टेंकर आदि की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। आयोजनों के होने से पूर्व आयोजकों द्वारा प्रति 500 व्यक्तियों की भीड़ पर समुचित सेवादारों का प्रबंध किया जाना आवश्यक होगा, इन सेवादारों को पुलिस प्रशासन भी अपने बल से भीड़ नियंत्रण एवं भगदड़ रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रण की कार्यवाही करेगी। कतिपय अफ्वाह जैसे सौंप, बम आदि की अफ्वाह भी भगदड़ मचा सकती है। अतः इसे नियंत्रित करने हेतु आयोजकों द्वारा लाउडस्पीकर एवं ध्वनियंत्रों के माध्यम से एनाउन्स कराया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन स्थल पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाए साथ ही चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए तथा मौके पर एम्बुलेंस दवाईयों के साथ रखना अनिवार्य होगा। उक्तानुसार सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा कराना अनिवार्य होगा। किसी भी सामाजिक व धार्मिक आयोजन के पूर्व आयोजक को संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उपखण्ड दण्डाधिकारी आयोजन स्थल पर जाकर उपरोक्तानुसार आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण करने के उपरांत ही अनुमति प्रदान करेंगे।

संबंधित थाना प्रभारी/राजस्व अधिकारी/नगरीय व ग्रामीण निकायों के सक्षम अधिकारी को अपने-अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्य जन एवं संबंधितों को आदेश की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही किया जावेगा।

# जमोड़ी पुलिस ने हत्या का इनामी आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार




**सीधी।** अधीक्षक पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवम थाना प्रभारी जमोड़ी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जमोड़ी पुलिस द्वारा 15 दिन पूर्व हत्या कारित कर फरार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर किया गया न्यायालय पेश। दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी ने बताया कि फरियादी भागवत कोल उर्फ चुलबुल कोल पिता नोहरा कोल उम्र 14 साल निवासी ग्राम भेलकी कला थाना जमोड़ी जिला 22 जनवरी 2025 को थाना में शिकायत दर्ज कराया कि मेरे चचेरे भाई राजेश कोल व मेरे भाई दिलीप कोल की पत्नी नीतू कोल के मध्य प्रेम प्रसंग चल रहा था उसी बात को लेकर आज शाम करीबन 7 बजे मेरे भाई दिलीप कोल को राजेश कोल व मेरी भाभी नीतू कोल मिलकर लाठी डण्डे से मारपीट किये हैं। जिस कारण मेरे भाई दिलीप कोल की मृत्यु हो गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना जमोडी में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। आरोपीगण घटना कारित करने के बाद से ही फरार हो गये थे जिनकी गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये लेकिन आरोपी गिरफ्तार नहीं हो सके जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 10/10 हजरा रूपये के नगद इनाम की उद्घोषणा करते हुए थाना प्रभारी जमोड़ी को शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक दक्षता का उपयोग करते हुए आरोपियों की पता तलाश कर राजेश कोल एवं नीतू कोल दोनों की उपस्थिति थाणे महाराष्ट्र में पाई गई जो टीम तत्काल रवाना होकर उक्त आरोपियों को 11.02.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष्य पेश किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, रामबाबू दीपांकर प्रजार, लल्लू विश्वकर्मा, महाराणा प्रताप सिंह, अवनीश सिंह, किरण मिश्रा, शांती सिंह, अशोक बहरोलिया, सतीष तिवारी, राजलाल भौरे, सुनील त्रिपाठी, सतेन्द्र सिंह, वंशलाल सिंह, अतुल सिंह, राजू यादव, मानेन्द्र शुक्ला, कृति त्रिपाठी, स्वाती द्विवेदी, सायबर सेल सीधी से आनंद कुशवाहा एवं प्रदीप मिश्रा की उल्लेखनीय भूमिका एवं विशेष योगदान रहा।

### जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

# अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल तथा ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने व नियंत्रण के लिए आदेश जारी

**सीधी।** जिले में अनुपयोगी खुले नलकूपों एवं बोरवेल में छोटे ब'चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 202× की धारा 16× (1) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल तथा ट्यूबवेल में छोटे ब'चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने व नियंत्रण की कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण सीधी जिले की सीमाओं में आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेश पारित किया है। जारी आदेशानुसार समस्त उपखण्ड दण्डाधिकारी द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल तथा ट्यूबवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप में बंद करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जावे। सीधी जिले की सीमा क्षेत्रांतर्गत जिन बोरवेल का उपयोग नही किया जाता है, या जिन बोरवेल में मोटर नही डली है अथवा जिनमें बोर केप नहीं लगा हुआ है, ऐसे समस्त खुले बोर में बोर केप एवं लोहे के मजबूत ढक्कन नट बोल्टो की सहायता से मजबूती के साथ बंद किये जाने हेतु संबंधित भूमि स्वामी, किसान एवं संस्था को आदेशित किया गया है। अनुपयोगी अथवा खुले पड़े हुए बोरवेल को लोहे के मजबूत ढक्कन या केप से नट बोल्टों की सहायता से मजबूती के साथ बंद किया जावे। इसी प्रकार जिला अंतर्गत अनुपयोगी एवं खुले कुओं व बावड़ी को भी जगत बनाकर एवं जाली लगाकर सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका/नगर पंचायत परिषद अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने हेतु उत्तरदायी होगे। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग भोपाल द्वारा शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के संबंधित नगरीय निकाय द्वारा नवीन नलकूप खनन की जानकारी, नलकूप खनन मशानों का पंजीयन, नलकूप खनन करने वाले ठेकेदारों की जानकारी तथा अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों की जानकारी संधारित की जाये तथा इसकी मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 202× की धारा 22× के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उ'च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तहत प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 11 फरवरी को किया गया। प्राचार्य प्रो. ओ.पी. नामदेव एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति में दीप प्र'वलित कर प्लेसमेंट ड्राइव प्रारंभ किया गया। रोजगार मेला में नियोजक कंपनी में डी.एम.सी.एफएस. पुणे, प्रगतिशील बायोटेक एवं प्रगतिशील एग्रोटेक कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार किया गया।

# चुरहट पुलिस ने 3 किलो गांजा एवम अवैध शराब की जप्त



**सीधी।** थाना प्रभारी चुरहट उनि अतर सिंह के नेतृत्व में चुरहट पुलिस ने कार्यवाही करते हुये × किलोग्राम गांजा मय 100 पाव देशी प्लेन शराब जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये आरोपी को किया गिरफ्तार। बताया गया कि 11 फरवरी को थाना प्रभारी चुरहट को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डढ़िया का त्रिशूलधर बघेल पिता स्वर्गीय रंगनाथ सिंह बघेल एक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम सर्रा सोन नदी तिराहा के पास लेकर बिक्री करने हेतु वाहन का इंतजार कर रहा है। थाना प्रभारी चुरहट द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड़ कार्यवाही हेतु स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान पर रवाना होकर ग्राम सर्रा सोन नदी तिराहा पहुंचे जहां मुखविर के बताए अनुसार एक व्यक्ति नीम पेड़ के नीचे दिखाई दिया। जिसे मौके पर पहुंचकर नाम पता पूछने पर अपना नाम त्रिशूलधर पिता रंगनाथ सिंह उम्र 68 साल निवासी डढ़िया थाना चुरहट जिला सीधी का होना बताया। तत्पश्चात विधि संगत तरीके से संदेही के पास में रखी बोरी की तालासी ली गई तो बोरी में मादक पदार्थ गांजा एवं दो कागज कार्टून में देसी प्लेन शराब पाया गया। उक्त बरामद मादक पदार्थ गांजा की तौल की गई तो × किलो ग्राम गॉजा कीमती 45 हजार रूपये एवं 100 पाव देसी प्लेन शराब कीमती 7000 रुपये होना पाया गया। आरोपियों से × किलोग्राम गांजा एवं 100 पाव देसी प्लेन शराब कुल कीमती 52 हजार समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20 ख, एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं ×4/1 मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चुरहट उनि अतर सिंह, सउनि अनंतलाल प्रजापति, प्रआर.नितेश प्रजापति, करण तिवारी, अभिषेक शुक्ला उदय तिवारी की अहम भूमिका रही।

# गौ संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उठाएं आवश्यक कदम : सांसद डॉ राजेश मिश्रा

### बेसहारा गौ वंश पर लोकसभा में उठा मुद्दा




**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकसभा में खुले में वेसहारा पशुओं के संबंध हेतु प्रश्न उठाते हुए गौ संरक्षण एवं संवर्धन हेतु योजनाएं बनाने एवं कठोर कदम उठाने की बात कही। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर मिश्रा ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि अंचल में बेसहारा पशुधन के कारण किसान को अत्यंत क्षति हो रही है। एक ओर वेसहारा पशु किसानो की फसल को बर्बाद कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय राजमार्गों में घूमने के कारण लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। जिसके कारण एक ओर तो लोग एक्सीडेंट के शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर गौ वंश भी घायल और मृत प्राय हो रहे हैं। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ मिश्रा ने सरकार से गौ वंश संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आवश्यक नियम कानून बनाने एवं बेसहारा पशुओं को आश्रय देने के लिए गौशालाओं की मांग सरकार से की है। जिसका क्षेत्र की जनता जनार्दन ने स्वागत एवं अभिनंदन किया है। गौ वंश के लिए आवश्यक प्रावधान हेतु प्रश्न उठाए जाने के संबंध में क्षेत्र के किसानों ने सांसद डॉ.राजेश मिश्र का आभार व्यापित करते हुए अभिनंदन किया है।

# दीनदयाल रसोई में फूड एंड हंगर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित : रागिनी सिंह



**सीधी।** मंगलवार को लिनेस क्लब कामाख्या द्वारा पं.दीनदयाल रसोई में जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराते हुए फूड एंड हंगर के उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत सभी जरूरतमंदो को भोजन एवम भोजन सामग्री वितरित करते हुए डॉ.बीना मिश्रा द्वारा मसूर दाल, गुड़, आलू, गोभी वितरित की गयी। रागिनी सिंह द्वारा चावल, दाल, लड्डू, तारा तिवारी द्वारा चावल, दाल, सोनम सिंह द्वारा दलिया के 20 पैकेट, उर्मिला द्वारा 20 किलोग्राम आटा, रचना राजे सिंह द्वारा चावल दाल एवम इसी तरह टीम के अन्य सदस्यों द्वारा खाद्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम की सफलता में लिनेस क्लब की सदस्यों के प्रयासों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ.अनूप मिश्र, सूर्यप्रकाश सिंह, इन्द्रवती नाट्य समिति के सचिव नीरज कुंदेर व रोशनी प्रसाद मिश्र सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रागिनी सिंह द्वारा टीम और सहयोगियों के आभार व्यक्त किया गया।

# पुलिस ने जिले में 11 दिवस चलाया जागरूकता अभियान

### 128 कार्यक्रम आयोजित कर हजारों लोगों को किया जागरूक



**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर सीधी पुलिस द्वारा 1 फरवरी से 11 फरवरी 2025 तक सायबर सुरक्षा जागरूकता, सेफ क्लिक अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसके तहत जिले के विभिन्न स्कूल कालेज, सार्वजनिक व भीड़.भाड़ वाले जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साइबर अपराध जागरूकता, ब'चों एवं बुजुर्गजनों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए धोखाधड़ी से बचने और गोपनीयता की रक्षा पर स्लोगन, के साथ.साथ साइबर सुरक्षा पहचान की चोरी एवं सुरक्षित ब्राउजिंग इत्यादि पर जागरूकता प्रसार किया गया। वहीं 11 फरवरी को सेफ इंटरनेट दिवस के अवसर पर अभियान का समापन किया गया। अभियान के दौरान कुल 128 जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाकर लगभग 20000 लोगों को अलग.अलग माध्यम से जागरूक किया गया।



## उपधान तप आराधिका का निकला जुलूस

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट शाश्वत जैन तीर्थ पालीताना गुजरात में उपधान तप की आराधना आलोट की श्राविकाओं द्वारा किया गया श्रीमति सुशीला देवी भंडारी,श्रीमति शशिबाला भंडारी,श्रीमति सरिता देवी बाठिया और श्रीमति मंजू बाला जैन, ने क़रीब 45 दिनों तक पालीताना में रहकर उपधान तप करा सुबह तपस्वी सुशीला देवी भंडारी का जुलूस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ नया बाजार स्थित उनके निवास स्थान से निकाला गया। भक्तजन जय जय आदिनाथ और तपस्वी की जय कर लगाकर चल रहे थे। वासुपूज्य मंदिर पहुँचकर शासन माता की पूजा की गई परिवार जनों सहित समाजजन और पार्षद अशोक खींची ,पार्षद अमित चौधरी , पार्षद प्रतिनिधि नागेश खारोल ने सुशीला देवी सहित अन्य तपस्वियों का बहुमान किया दोपहर में वासु पूज्य उपाश्रय में चोविसी का आयोजन किया जिसमें महिलाएं उपस्थित थीं।

## पढाई के लिए दी 4 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर बालिका मनीषा सुमन पुत्री स्व. श्री हीरालाल सुमन निवासी वार्ड नंबर 01 बडौदा को रेडक्रॉस से पढाई के लिए 4 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बालिका मनीषा सुमन ने बताया था कि उनके माता-पिता नही है तथा दोनो भाई-बहन अपनी ताई के पास रहते है, ताई की आर्थिक स्थिति में भी ठीक नही है। उसने 12वी की परीक्षा उत्तीर्ण की है लेकिन आगे अध्ययन नही कर पा रही है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा 4 हजार रूपये की तत्कालीक सहायता प्रदान की गई, साथ ही बीपीएल में नाम जोडने तथा आवास योजना का लाभ देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है।

## विशेष सूचना- संदिग्ध महिला गैंग और भीख मांगने वालों से सतर्क रहें थाना प्रभारी रामपुर बघेलान संदीप चतुर्वेदी

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने की अपील की है। जानकारी के अनुसार, सतना और आसपास के इलाकों में एक महिला गिरोह सक्रिय है, जो फूल बेचने और भीख मांगने की आड़ में गहनों और नकदी की चोरी कर रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह गिरोह गहनों को बदलने और लोगों को ठगने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों से सावधान रहें और अपने कीमती सामान की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। यदि कोई संदिग्ध महिला या व्यक्ति आसपास घूमते हुए नजर आए या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो तुरंत रामपुर बघेलान थाना को सूचना दें। समय पर सतर्कता ही अपराध से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।40

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जीरापुर के पांच स्वास्थ कर्मचारी सम्मानित

राजगढ - स्वास्थ विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले टीकाकरण कार्यक्रम को ऑनलाइन कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाता है। जिले में इस कार्य को प्राथमिकता से करने वाले पांच स्वास्थ कर्मचारियों को जिला स्तरीय कार्यशाला में सम्मानित किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय यू विन कार्यशाला के दौरान जीरापुर की पांच ए.एन.एम. द्वारा सत्र स्थल पर ऑनलाइन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। इनमें सुश्री कविता परमार, सुश्री ममता जाटव, सुश्री बबीता भाटी, सुश्री आरती पुरवइया, श्री राजेंद्र जोशी शामिल हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भकोरिया ने जिले के समस्त मैदानी कर्मचारियों को यू विन में टीकाकरण अपडेशन करने संबंधी निर्देश दिए। इस अवसर पर सुश्री मिलंद सोमन, डी.सी.एम. श्री सुनील वर्मा, श्री जय सोनी मौजूद थे।

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ**- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी, 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय पर प्रातः 10.00 बजे से किया जाएगा। प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से उक्त परीक्षा निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिला परीक्षा नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 116 बनाया गया है। नियत्रंण कक्ष प्रभारी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग श्रीमती निशा जैन रहेगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 7898009190 है। साथ ही परीक्षा नियंत्रण कक्ष में सहयोग हेतु स्टेनो श्री ललित तलवाड़िया, सहायक ग्रेड- 3 श्री मयूर मेवाड़े तथा भृत्य श्री महमूद खाँन की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त टीम प्रातः 07.00 बजे नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर्यवेक्षकों एवं उड़नदस्तों के दूरभाष / मोबाइल नम्बर रखेंगी एवं महत्वपूर्ण घटना की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर व आयोग को तत्काल सूचित करेंगे।

# वन विभाग को जिले में अवैध कटाई पर प्रभावी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर रितु चौरसिया, सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में अवैध खनन पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिले में एक भी गाड़ी बिना रॉयल्टी नहीं निकलनी चाहिए। सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखें। सभी राजस्व अधिकारी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में निरीक्षण करें। गौदामों, आंगनवाड़ी, मीड डे मिल और निर्माण कार्यो का निरीक्षण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की स्थापना शाखा की जांच के निर्देश सीईओ जिला पंचायत श्री हिमांशु प्रजापति को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्थापना शाखा की एक-एक लम्बित फाइल को देखे, क्या-क्या कार्यवाही हुई है इसकी जानकारी भी दें। कलेक्टर सिंह ने वन विभाग को सख्त निर्देश दिये कि जिले में वनों के अवैध कटाई पर प्रभावी कार्यवाही करें। अवैध कटाई पर प्रति सप्ताह की गई कार्यवाही की रिपोर्ट दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व वसूली की तहसीलवार समीक्षा कर शतप्रतिशत राजस्व वसूली के निर्देश दिये। राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर कार्यवाही करें और शतप्रतिशत राजस्व वसूली करें। उन्होंने एसडीएम को भी निर्देश दिये कि राजस्व वसूली की लगातार समीक्षा करें। राजस्व वसूली समय पर होनी चाहिए, लापरवाही बदार्श्त नहीं की जायेगी। राजस्व विभाग अपने मूल कार्यो पर भी फोकस करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व अधिकारी सीमांकन, बंटवारा, अतिक्रमण की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने आधार आरओआर खसरा लिंकिंग कार्य, फॉर्मर रजिस्ट्री में अभी तक की प्रगति की समीक्षा कर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने फॉर्मर रजिस्टरी और आरओआर लिकिंग की प्रगति की प्रतिदिन रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। फॉर्मर रजिस्टरी और आरओआर लिकिंग कार्य शत प्रतिशत होने पर पटवारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में पटवारियों को फार्मर रजिस्टरी और आरओआर लिकिंग कार्य के लिए ग्रामों में शिविर लगाने के लिए निर्देशित करें। शिविरों को चार्ट बना ले, अगले दो से तीन दिनों में शिविर प्रारम्भ हो जाने चाहिए। सभी तहसीलदार इस कार्य को प्राथमिकता में लेते हुए इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि न्यायालय में लम्बित प्रकरणों को निराकरण शीघ्र करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा जिले में गिरदावरी कम होने से किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। सभी तहसीलदार पटवारियों से गिरदावरी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये।

सीएम हॉउस और सीएम मॉनिट प्रकरणों की समीक्षा कर आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि टीएल बैठक में जवाब देने वाले अधिकारी ही टीएल में उपस्थित रहें। बिना टीएल जानकारी के कोई भी अधिकारी समय-सीमा बैठक में नहीं आये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी विभाग सालाना बजट का उपयोग समय सीमा में करें।

कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लम्बित शिकायतों की समीक्षा कर विभागों को ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अधिकारी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। 50 दिनों से अधिक समय से लम्बित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। सीएम हेल्पलाइन पर जनजातीय कार्य विभाग, वन विभाग, सामान्य प्रशासन और सूचना एवं प्रोद्यौगिकी विभाग डी ग्रेड में होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने सख्त निर्देश देते हुए शिकायतों का निराकरण कर ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने समाधान ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि समाधान एट्रीब्यूट की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। जिला अधिकारी अधीनस्थों पर निर्भर नहीं रहे, स्वयं शिकायतें पढ़े और शिकायतों का निराकरण करें।

## थाना रेहटी पुलिस ने नगर में हुई बडी चोरी की घटना को 03 दिन के अन्दर किया खुलासा

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग के मार्गदर्शन में थाना रेहटी में हुई बडी चोरी का खुलासा थाना रेहटी की टीम व्दारा किया गया और आरोपीयों को गिरफ्तार कर चोरी गये रुपये एवं सोना/चांदी के जेवरात को जप्त किया गया है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण- फरियादी नंदकिशोर सिसोदिया पिता विष्णु प्रसाद सिसोदिया उम्र 68 साल निवासी वार्ड 01 रेहटी ने रिपोर्ट किया कि मेरी मेन रोड रेहटी में सिसोदिया टेड्रर्स के नाम से सीमेन्ट सरिया की दुकान है । हम सभी परिवार वाले एक पारिवारिक शादी में सम्मिलित होने के लिये गये थे कि दिनांक 07/02/25 एवं दिनांक 08/02/25 की दरम्यानी रात को अज्ञात चोरो ने मेन गेट का सटर का ताला तोडकर घर में रखा नगदी पैसा और सोने/चांदी के जेवरात चोरी कर ली है। रिपोर्ट पर से थाना रेहटी मे अपराध क्रमांक 61/25 धारा 331(4), 305(डु) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के व्दारा ततकाल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे एवं उनि दीपक सर्राटी के नेतृत्व में अलग -अलग टीम गठित की गई। प्रकरण में मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही महेन्द्र मेहता से बारिकी से पूछताछ करने पर घटना दिनाँक को दीपक मालवीय एवं अन्य 02 बाल अपचारी के साथ मिलकर फरियादी के घर में चोरी करना बताया। पुलिस व्दारा चोरो से चोरी गये नगदी 12 लाख 08 हजार रूपये, एवं सोने/चांदी के जेवरात व सिक्के कीमती लगभग 22 लाख 29 हजार रूपये, कुल मशरूका 34 लाख 37 हजार रूपये जप्त कर आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया । साथ ही घटना में प्रयुक्त पिकअप ,मोटर सायकिल एवं हथोडी को जप्त किया गया

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी उनि दीपक सर्राटी, प्रआर दीपक सेन, आर. अभिषेक यादव, आर. प्रवीण सोलंकी, आर. विकास नागर, आर लवकेश जाट, मआर निकिता, मआर संध्या, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सुशील साल्वे प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह राजपूत, नगर रक्षा समिति नितेश रघुवंशी, नगर रक्षा समिति बलराम सिसोदिया की सराहनीय भूमिका रही ।

## लुर्द माता कॉन्वेंट किंडरगार्डन स्कूल में मनाया ग्रैंड पैरेंट्स डे



नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर । शनिवार08 फ़रवरी 2025 को स्थानीय लुर्द माता कॉन्वेंट किंडरगार्डन स्कूल, गंगा आश्रम, सीहोर में को ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के दादा दादी और नाना नानी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीहोर दीपा कीर एवं प्रबंधक प्रभुदास तिर्की एवं प्राचार्या लिनित देवसी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि का फूलों के गुच्छे को देकर स्वागत किया। इसके उपरांत स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने दादा.दादी और नाना.नानी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उनका मनोरंजन करने के लिए कई क्रियात्मक खेल आयोजित किए गए जिससे हंसी मज़ाक और आपसी लगाव का माहौल बना। विद्यार्थियों ने अपने दादा.दादी के जीवन अनुभवों को साझा किया। दादा-दादीयों ने स्कूल के प्रति अभिनन्दन प्रकट किया। स्कूल प्रबंधक प्रभुदास तिर्की ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बुजुर्गों के प्रति सम्मान बढ़ता है। इस मौके पर कक्षा नर्सरी, से कक्षा 2 के छात्र/छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम में भाग लिया एवं समस्त गतिविधि में स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## 300 रु. मिल सकता घरेलू गैस सिलेंडर ग्राहक दक्षता कल्याण फाऊंडेशन का दावा

### वितरण कंपनियों को बायोमेट्रिक और बारकोड प्रणाली लागू करने सरकार दे निर्देश

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**सीहोर** म.प्र.* भोजन बनाने के लिए उपयोग में आने वाली गैस का होटल व्यवसाय, ऑटोरिक्शा और एलपीजी गैस वाहनों के लिए डंके की चोट पर उपयोग होने से गैस सिलेंडर की कीमत 850 से 900 रुपए तक पहुंच गई है। गैस सिलेंडर का केवल घरेलू उपयोग होने पर 300 रुपए में गैस सिलेंडर मिल सकता है। इसके लिए सरकार को सिलेंडर वितरित करने वाली कंपनियों को बायोमेट्रिक और बारकोड प्रणाली कार्यान्वित करने का निर्देश देना होगा. ऐसा दावा ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने किया है। घरेलू गैस सिलेंडर सतर्कता जनजागृति अभियान के अंतर्गत गैस सिलेंडर वितरण के बारे में शुभम रंगारी ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर यह दावा किया। शुभम रंगारी ने कहा कि देश में भोजन बनाने के लिए 75 प्रतिशत नागरिक घरेलू गैस और 20 प्रतिशत नागरिक चूल्हे का उपयोग करते हैं. केवल 5 प्रतिशत नागरिक बिजली पर चलने वाले इंडक्शन का उपयोग भोजन बनाने के लिए करते हैं।

सीहोर शहर के कई होटल है इससे सरकार का 5 से 6 करोड़ रुपए का राजस्व डूब रहा है. देश में यह आंकड़ा करोड़ों में है. गैस वितरित करने वाली कंपनियां व्यवसायियों को आसानी से घरेलू गैस बेच रही हैं. सभी व्यक्ति के लिए एक साल में 12 सिलेंडर निश्चित किए हैं, लेकिन कई लोग 5 से 7 सिलेंडर का ही उपयोग करते हैं। शेष गैस सिलेंडर को वितरक बेच रहे हैं। सॉफ्टवेयर के माध्यम से सेटिंग करने से उसका मैसेज नहीं आता है।

## पीएचई और जल निगम का खराब प्रदर्शन, एक सप्ताह के वेतन पर गिरेगी गाज होगी



### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि प्रकरणों के निराकरण और खराब प्रदर्शन पर संबंधित अधिकारियों को नो वर्क नो पे के आधार पर एक हफ्ते की वेतन काटने की नोटिस दी जा रही है। एक सप्ताह में सुधार नहीं आने पर संबंधित की वेतन काट दी जायेगी। उन्होंने जिले के प्रमुख 28 विभागों की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी और पीएचई की समीक्षा में खराब प्रदर्शन पर एजीएम जल निगम और कार्यपालन यंत्री पीएचई शरद सिंह को एक सप्ताह की वेतन काटने की नोटिस दी गई। इसी प्रकार सूचना प्रौद्योगिकी में ग्रामीण क्षेत्र की समग्र से संबंधित शिकायतों के निराकरण नहीं करने पर सीईओ उचेहरा और नागौद को समग्र पोर्टल बंद होने के फलस्वरूप एक सप्ताह की मोहलत दी गई। क्रम में 23वें स्थान पर रहे सामाजिक न्याय विभाग में सीईओ जनपद नागौद और सीएमओ नागौद को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वाणिज्यिक कर में आबकारी विभाग की अवैध शराब बिक्री संबंधी शिकायतों के निराकरण में विलंब पर उप निरीक्षक सोहावल और रामपुर बघेलान को जिला आबकारी अधिकारी के माध्यम से नोटिस जारी कराने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की संबल योजना की शिकायतों के आधार पर नागौद और सोहावल के सीईओ तथा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ नागौद को भी नोटिस जारी की गई। ऊर्जा विभाग में जूनियर इंजीनियर जसो, जैतवारा, रामपुर बघेलान और नागौद का परफारमेंस ठीक नहीं होने पर सात दिवस की वेतन काटने की नोटिस के निर्देश दिए गए। ऊर्जा विभाग में संबंधित क्षेत्र के सहायक मंत्री और डिविजनल यंत्री को अप्रसन्नता पत्र भी जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

## जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ** -जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 11 फरवरी को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम रतनपुरिया निवासियों फतेसिंह, भगवानसिंह तथा अमरसिंह द्वारा बताया गया कि ब्यावराकलां सोसायटी से उन्हें मात्र खाद्य ही दिया जा रहा है केसीसी की नगद राशि नही दी जाती है। जिस पर कलेक्टर द्वारा प्रबंधक सीसीबी को जांच हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री शिवप्रसाद मण्डराह मौजूद रहे।

जनसुनवाई में राजगढ निवासी गिरधारीलाल द्वारा बताया कि आवेदक द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु आवेदन-पत्र दिया गया था फिर भी प्रधानमंत्री आवास नही मिला है। जिस पर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ को निर्देशित किया गया। ग्राम लिम्बोदा निवासी बालचन्द्र ने बताया कि आवेदक की पत्नी 1 वर्ष से बीमार है। जिसका उपचार प्रायवेट अस्पताल में चल रहा है।आर्थिक स्थिती ठीक नहीं है जिस पर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ राजगढ को आवेदक का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। खिलचीपुर निवासियों द्वारा बताया कि सुबराती खां द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रास्ता बंद करने एवं शौचालय बनाकर उससे होने वाली गंदगी और निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नहीं की गई है। जिससे रहवासियों को परेशानी का सामाना करना पड रहा है। जिस पर कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी खिलचीपुर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान आवेदकों से 50 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने समस्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया।

## जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिव, एवं रोजगार सहायक, पटवारी सहित करे



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से कहा है कि पंचायत मुख्यालय पर सप्ताह में एक दिवस पटवारी, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक की उपस्थिति सार्थक पोर्टल पर दर्ज होने एवं जिले में मंगलवार का दिवस नियत किये जाने का लेख किया गया था। इस हेतु निर्धारित प्रारूप अनुसार रजिस्ट्रेशन का प्रमाण–पत्र आज ही इस कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये।उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा है कि दमोह जिले के समस्त पटवारी, पंचायत सचिव, एवं ग्राम रोजगार सहायक आज 11 फरवरी 2025 से प्रति मंगलवार अपनी उपस्थिति सार्थक पोर्टल के माध्यम से दर्ज करेगें। संबंधित कर्मचारियों का वेतन आहरण सार्थक पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गई उपस्थिति के आधार पर किया जायेगा।

## खातेगांव में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन





ओमप्रकाश परमार

देवास। जिले के खातेगांव में एक नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। पहली बार श्री हनुमतशक्ति जागरण खातेगांव द्वारा सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसमें खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। साथ ही स्कूली बच्चों ने भी उपस्थित होकर हनुमान चालीसा पाठ का लाभ लिया।

## अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही करते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गैस एजेंसी के पास, केशव नगर, हिरदेपुर, तीन गुल्ली, सुभाष कॉलोनी से 05 ट्रैक्टर जप्त

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** – खनिज विभाग दमोह द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इस सबंध में खनिज अधिकारी मेजर जामरा ने बताया अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही करते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गैस एजेंसी के पास, केशव नगर, हिरदेपुर, तीन गुल्ली, सुभाष कॉलोनी से 05 ट्रैक्टर जप्त किए गए। साथ ही अवैध रेत भंडारणकर्ता नरेंद्र जैन, ओमकारपटेल, पूरण राइ, धर्मेंद्र साहू एव दीपक जैन पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया संबंधितों पर नियमानुसार शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर भाजपा रीवा कार्यालय अटल कुंज में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की एवं पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**रीवा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर भाजपा रीवा कार्यालय अटल कुंज में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की एवं पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्रद्धेय दीनदयाल जी के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद जैसे विचारों पर चर्चा की।पंडित जी का जीवन प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए आदर्श है।इस अवसर पर भाजपा मध्यप्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानन्द शर्मा, रीवा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, मऊगंज भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र मिश्रा, विधायक श्री सिद्धार्थ तिवारी विधायक श्री नरेंद्र प्रजापति,नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व सांसद श्री देवराज सिंह, पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अजय सिंह एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बुज़ुर्ग मॉ के भरण पोषण के लिए पुत्र को पाबंद करने के निर्देश

## जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजितः दिव्यांग को दी ट्राईसिकल, मोहनी बाई को मिलेगा संबल का लाभ

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001






कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई करते हुए बुजुर्ग मॉ के भरण पोषण के लिए पुत्र को पाबंद करने के निर्देश एसडीएम श्योपुर को दिये। इसके साथ ही दिव्यांग श्री धर्मराज आदिवासी को ट्राईसिकल प्रदान की गई। श्योपुर निवासी श्रीमती मोहनी बाई के मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना से संबंधित आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए अवगत कराया गया कि शीघ्र ही अनुग्रह राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी। जनसुनवाई के दौरान आवास योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्र में आवास के लिए सर्वे किया जा रहा है, जबकि शहरी क्षेत्र में आवास के आवेदन ऑनलाइन किये जा सकते है। जनसुनवाई में कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए।

बुजुर्ग मॉ के भरण पोषण के लिए पुत्र को पाबंद करने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्रीमती कांती बाई बैरवा निवासी किलगावडी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर एसडीएम श्री मनोज गढवाल को निर्देश दिये कि पुत्र श्री हंसराज बैरवा को नोटिस जारी कर तलब किया जायें तथा भरण पोषण के लिए पाबंद किया जायें। बुजुर्ग महिला ने बताया था कि उसका इकलौता पुत्र श्री हंसराज बैरवा द्वारा उसका भरण पोषण नही किया जा रहा है। वर्तमान में वह अपने पीहर ग्राम बिचगावडी में रह रही है।

**संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत वार्ड नंबर 20 श्योपुर निवासी महिला श्रीमती मोहनी बाई के आवेदन का निराकरण करते हुए अवगत कराया कि प्रकरण में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि बैंक खाते में प्राप्त हो जायेगी। महिला ने अवगत कराया था कि उसके पति स्व. श्री मुन्नालाल रेगर की मृत्यु 18 जनवरी 2024 को हो गई थी। उनके द्वारा अनुग्रह राशि की मांग का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। ऑनलाइन परीक्षण के उपरांत पाया गया कि प्रकरण स्वीकृत होकर पेमेंट आर्डर जारी हो गया है। राज्य स्तर से शीघ्र ही राशि प्राप्त होगी।

एक दिव्यांग को ट्राईसिकल दी, दूसरे को बैटरी चलित ट्राईसिकल देने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम जैदा मंडी निवासी दिव्यांग श्री धनराज आदिवासी को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से ट्राईसिकल प्रदान की गई। इसके साथ ही दोनो पैरो से 90 प्रतिशत दिव्यांग श्री मोहन आदिवासी निवासी महू का टपरा को बैटरी चलित ट्राईसिकल प्रदान करने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को दिये गये।

**इटवई और फिलोजपुरा में तालाबों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा विजयपुर तहसील के ग्राम इटवई से आये ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए एसडीएम विजयपुर श्री अभिषेक मिश्रा को तालाब से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। एसडीएम श्री मिश्रा ने दूरभाष पर बताया कि उक्त मामले में अतिक्रमणकारियों पर 248 के तहत प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी कर दिये गये है तथा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार फिलोजपुरा निवासी श्री घनश्याम धाकड के आवेदन पर तहसीलदार बडौदा को सोडपुरिया बालाजी के पास शासकीय तालाब से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया।

स्पॉन्सरशिप योजना में लाभ के साथ ही पात्रता पर्ची का लाभ देने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्रीमती ज्योति बैरवा निवासी रायपुरा के आवेदन पर बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना में लाभ देने तथा परिवार को पात्रता पर्ची से जोडने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही डीपीसी को निर्देशित किया कि दोनो बच्चों के नाम स्कूल में दर्ज कराये जाये। महिला ने अवगत कराया कि पति की मृत्यु के बाद परिवार के भरण पोषण में परेशानी उत्पन्न हो रही है। उसके दो छोटे बच्चें है, जिनकी पढाई भी प्रभावित हो रही है।

**रामदासी, संजू एवं दिलखुश को मिली आवास की पहली किस्त :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ग्राम आवदा निवासी श्रीमती रामदासी बाई एवं मेखडाहेडी निवासी श्रीमती संजू आदिवासी तथा श्री दिलखुश आदिवासी के पीएम आवास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए अवगत कराया कि योजना के तहत आवास स्वीकृत कर दिया गया है और संबंधित बैंक खाते में प्रथम किस्त भी जारी कर दी गई है। आवेदनो के परीक्षण उपरांत आवास प्रभारी श्रीमती सारिका पाटीदार ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल से प्रथम किस्त की राशि हाल ही में जारी हो गई है। राशि निकालकर आवास का कार्य शुरू कर सकते है।

बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत मैधावी छात्रा सम्मानित

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल कराहल की मैधावी छात्रा अर्पिता गोयल पुत्री श्री नंदकुमार गोयल को गत वर्ष की जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ती पत्र एवं 5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि का चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय ने बताया कि मैधावी छात्रा को कक्षा 10वी में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने के प्रोत्साहन राशि दी गई है।

**ब्रेनट्यूमर पीडित मरीज का पंजीयन मुरैना शिविर के लिए करने के निर्देश :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ब्रेनट्यूमर पीडित मरीज श्री देवीशंकर मीणा निवासी पाण्डोली का ऑपरेशन निशुल्क रूप से कराये जाने के लिए मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में कराये जाने हेतु पंजीयन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही रोगी को शिविर में सुगमता से पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये।

## पपौरा ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित 8 लोगों पर होगी एफआईआर

### टीकमगढ़ न्यायालय ने दिया आदेश, बायलॉज में हेराफेरी और संपत्ति के दुरुपयोग का आरोप

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



**टीकमगढ़** न्यायालय ने बुंदेलखंड के प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल पपौरा ट्रस्ट के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। मामले में कुल 8 लोगों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप लगे हैं।

**अवैध संविधान के तहत हो रहा टस्ट का संचालनः** प्रदीप भदौरा की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। शिकायत के मुताबिक, 1996 में तत्कालीन पदाधिकारियों ने ट्रस्ट रजिस्ट्रार की इजाजत के बिना ही संविधान में संशोधन कर दिया। ऋञ्जद्ब से मिली जानकारी में यह तथ्य सामने आया कि पिछले 28 सालों से ट्रस्ट का संचालन गैर-पंजीकृत और अवैध संविधान के तहत किया जा रहा है।

**पूर्व अध्यक्ष पर ट्रस्ट की संपत्ति के दुरुपयोग का आरोप :** मामले में पूर्व अध्यक्ष विजय तैवरैया पर ट्रस्ट की संपत्ति का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को कलेक्टर गाइडलाइन से काफी कम दरों पर ट्रस्ट की संपत्ति किराए पर दी। इसके अलावा, ट्रस्ट के पदाधिकारी नियमित रूप से रजिस्ट्रार को वित्तीय लेखा-जोखा दिखाने करने में भी नाकाम रहे।

न्यायालय ने वर्तमान अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष विजय तैवरैया, पूर्व मंत्री विनय सुनवाहा, मंत्री पवन कुमार सतभैया, कोषाध्यक्ष अभय तैवरैया, कोमलचंद्र जैन, वीरेंद्र कुमार जैन और सुभाषचंद्र जैन के खिलाफ धारा 403, 420, 467, 468, 120बी के तहत मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोतवाली पुलिस ने कहा है कि न्यायालय के आदेश की प्रति मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी।

## पांच दिवसी महा आयोजना के बाद की गई भगवान राम लक्ष्मण जानकी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुआ भव्य आयोजन

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी





आलोट- समीप ग्राम मोरिया में जन सहयोग से नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में भगवान राम लक्ष्मण एवं जानकी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हर्ष उल्लास के साथ स्थापित की गई इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने वहां पहुंचकर इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अपनी सहभागिता कर धर्म का लाभ लिया एवं महाप्रसादी का लाभ लिया इसके पूर्व प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय महा आयोजन किया गया। जिसके तहत हवन पूजन एवं शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा के बाद मंदिर पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन को विधि विधान और हर्षो उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा हवन कुंड पर प्रतिदिन अलग-अलग जजमानों महिला पुरुष जोड़े मंत्र उच्चारण के साथ आहुतियां दे रहे थे उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण सहित माता जानकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पांच दिवसीय आयोजन की शुरुआत यज्ञाचार्य पंडित राजाराम व्यास के सानिध्य व पंडित हेमंत प्रधान करदिया द्वारा 6 फरवरी से की गई मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि एकादश पुनदात्मक यज्ञ के साथ 6 फरवरी को प्रायश्चित कर्म , हेमाद्रि संकल्प, कलश यात्रा ,पंचांग कर्म ,मंडप प्रवेश ,ग्रहमुख एवं 7 फरवरी को स्थापित देवता का पूजन हवन नूतन मूर्तियों का जलाधीवास ,8 फरवरी को स्थानीय देवता का पूजन हवन अन्नाधीवास के आयोजन किए गए । यज्ञ के बाद महा अभिषेक का आयोजन किया गया शाम को भगवान की मूर्तियों की शोभायात्रा गांव में धूमधाम से निकाली गई इसके बाद मूर्तियों को सुख शेयावास कराया गया। शोभायात्रा में बैंड बाजे ढोल आतिशबाजी और बग्घी में भगवान की मूर्तियां विराजित की गई इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन शुरू किया गया । मूर्तिन्यास प्राण प्रतिष्ठा ,यज्ञ के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया आयोजन समिति इस पूरे आयोजन में अपना सहयोग देने वाले का आभार व्यक्त किया।

## बुंदेलखंड में जल संरक्षण की निकाली यात्राः 300 किमी की जल सहेली यात्रा टीकमगढ़ पहुंची; 19 दिन में जटाशंकर धाम तक जाएगी

दैनिक अमर स्तंभ
जिला ब्यूरो/ मनोज सिंह




**टीकमगढ़।**बुंदेलखंड क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए ओरछा से शुरू हुई जल सहेली यात्रा मंगलवार को टीकमगढ़ पहुंची। जहां निषाद राज भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह 300 किलोमीटर की पदयात्रा 19 दिन में जटाशंकर धाम तक पहुंचेगी।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड के प्राचीन चंदेल-कालीन तालाबों का जीर्णोद्धार और जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। यात्रा का मार्ग ओरछा से बबीना, तालबेट, मोहनगढ़, टीकमगढ़ और छतरपुर के बड़ा मलहरा होते हुए जटाशंकर धाम तक जाएगा। इस दौरान जल सहेलियों के साथ स्थानीय समाजसेवी, पर्यावरणविद् और आम नागरिक भी जुड़ रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने कार्यक्रम में कहा कि जल संकट से निपटने के लिए केवल सरकारी योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। प्रशासन ने यात्रा की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिसमें पुलिस बल की तैनाती और यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबंध शामिल हैं।20 फरवरी को जटाशंकर धाम में समाप्त होने वाली यह पदयात्रा एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले रही है।मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक गांव और कस्बे में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे यह अभियान जल संरक्षण का दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ने की दिशा में अग्रसर है।

## बचपन में हुई दुर्घटना से हुए दिव्यांग का प्राकृतिक पद्धति से डॉ सागर ने ठीक करने का उठाया बीड़ा पूर्व टी आई खलील खान ने की पहल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



**टीकमगढ़** शहर में एक ऐसा व्यक्ति जो बचपन में सुन सकता था बोल सकता था लेकिन एक एक्सीडेंट से जब उसकी उम्र करीब 3 वर्ष थी तभी से वह बोल नहीं सकता ना सुन सकता है अब वह करीब 20 वर्ष का है अपने पिता के साथ हथोड़ा चलाता है 7 विगत दिवस पुलिस पेंशनर जिला अध्यक्ष खलील मोहम्मद खान पूर्व टी आई की मुलाकात एक निजी कार्य दौरान शाहरुख से हुई जो अपने पिता के वर्क में सहयोग हथोड़ा चलाकर कर रहा था उसके पिता ने बताया बचपन में ये सुनता था बोलता था लेकिन गिर जाने से इसके नाक मुंह कान से ब्लड निकल आया था इलाज करवाया लेकिन इसके सुनने की व बोलने की शक्ति खत्म हो गई है 7 खूब इलाज करवाया पर बोल नहीं पाता न सुन पाता है मेरे वर्क में काम बटाता है टीकमगढ़ शहर में नेचुरोपैथी एक्सपर्ट डॉ. सुनील सागर के पास पूर्व टी आई खलील खान उसके पिता को साथ लेकर गए और सारे हालात डॉक्टर साहब को बताए डॉ सुनील सागर ने इस केस की संपूर्ण हिस्ट्री ज्ञात की और बारीकी से मरीज को दिखा सहयोग बृजमोहन रैकवार ने किया 7 इलाज डॉ. सागर ने डॉ. रजनीश कॉंत गोल्ड मेडलिस्ट लंदन (फिजियो और ऑस्टियो) काइरोप्रैक्टर व डॉ. विशाल बोघी ग्राण्ड मास्टर काइरोप्रैक्टर के दिशा निर्देश मैं शाहरुख का इलाज शुरू किया और उसे ठीक करने को चुनौती के रूप में लिया जिसने शाहरुख की दास्तान सुनी उनके द्वारा दुआ व प्रार्थना की गई कि डॉ.सुनील सागर को इसके इलाज में सफ़लता मिले और शाहरुख फिर से सुनने व बोलने लगे 7

# एमपी में भाजपा के रामराज में विधवा अबलाओं पर हो रहे हैं अत्याचार

**व्योमेश शर्मा के गुर्गों द्वारा दी जा रही है जान से मारने की धमकी।**

**अबला अपनी जान की रक्षा के लिए भीख मांगती फिर रही है अधिकारियों के दफ्तर में।**

**ब्यौमेश शर्मा के आगे प्रशासनिक अधिकारी हो गए नतमस्तक।**



गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

भिंड जिले की गोहद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम एंडोरी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में अर्चना जाटव सहायक रसोईया के पद पर कार्यरत महिला के साथ जिला समन्वयक अधिकारी ब्यौमेश शर्मा द्वारा दिनांक 23 12 24 को सुबह लगभग 9:30 बजे की अश्लील हरकत ।फरियादी अर्चना जाटव ने थाना एंडोरी में शिकायती आवेदन दिया उसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक को 27 /01/25एवं जिला कलेक्टर महोदय को 28/1/25 आवेदन से अवगत कराया उसके बाद भी पीड़ित महिला को कोई न्याय न मिल सका । बल्कि शर्मा के गुर्गों द्वारा रास्ते में रोक कर परेशान किया जा रहा है आय दिन धमकियां दी जा रही हैं कि तूने थाने में आवेदन डीपीसी ब्यौमेश शर्मा के नाम से दिया है उसे वापस ले लो नहीं तो तुम्हारे साथ कुछ भी हो सकता है इस वजह से ड्यूटी भी नहीं कर पा रही हू क्योंकि मुझे डर है कि मेरे साथ कोई घटना ना हो जाए बच्चों का भरण पोषण कौन करेगा इस डर की वजह से महिला ने अपनी आवाज को मीडिया के द्वार सरकार तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास कर रही है अब देखना यह है कि आवेदक अर्चना जाटव को न्याय कब तक मिलेगा पुलिस प्रशासन इस घटना को जानकर भी अंजान है क्या महिला को न्याय मिलेगा जल्दी आएंगे और भी वीडियो सामने इस घटना से जुड़े हुए हैं!

# नगरपालिका : सेवा प्रदायक बिलों के दो बार भुगतान से जुड़ा खेला आर टी आई में हुआ मामले का खुलासा

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र मिश्रा अनुरोध के बाद भी नहीं करा सके जांच

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




सनावद-लेखा शाखा द्वारा 2023 -24 में सप्लाई और सेवा संबंधित बिलो के दो बार भुगतान से जुड़े एक मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट द्वारा मुनपा अधिकारी से जांच का अनुरोध किया गया था। ताकि बगैर किसी अनुरोध प्रक्रिया के अचानक 17 महीने प्रदायक द्वारा अतिरिक्त भुगतान राशि को निकाय कोष में जमा कर दिया जाने में लेखा शाखा की कथित मिली भगत का सच उजागर हो सके। जबकि विडंबना रही है, अब तक मामले में कथित फर्जी बिल घोटाले मामले में तीन माह बाद भी प्रस्तावित जांच कार्यवाही और उसका नतीजा निरंक रहना बताया गया है।

आखिर, क्या है पूरा मामला : सनावद नगर पालिका पर लेखा शाखा के माध्यम से निर्माण, राजस्व , स्थापना , स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा स्टोर शाखा में चल रहे भ्रष्टाचार सर्वविदित है।जहाँ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, भोपाल में पंजीबद्ध शिकायत क्र. 182/2020 पर चालानी कार्यवाही लंबित बताई जाती है। वही नगर पालिका में नित नऐ तरीके से आर्थिक भ्रष्टाचार करने की खबरें बनी हुई है। ऐसा ही आरटीआई जानकारी से 2022-23 का एक मामला नवंबर 2024 से मुनपा अधिकारी राजेंद्र मिश्रा की जांच अनुरोध में है।आरटीआई एक्टिविस्ट बैसवार मुताबिक लेखा शाखा से मिली आरटीआई जानकारी बताती है 18 फरवरी 2023 को विविध शीर्ष में वाउचर कमांड 984 द्वारा शिरोमणि ऑटोमोबाइल सनावद के 6 बिलों का भुगतान किया गया था। जिसमें दो बिल क्रमशः बिल क्रमांक 77 दिनांक 3/8/22 और बिल क्रमांक 78 दिनांक 18 /8 /22 को दो बार अंकित किया गया है। इस पर लेखा शाखा के कार्यवाही पत्रक अनुसार संबंधित नस्ती में इन बिलों के दो बार जुड़ जाने से सेवा प्रदायक द्वारा 26.7.2024 को उन दोनों बिलों की कुल राशि को निकाय कोष में जमा होना बताया गया है।

**मिलीभगत का खेला :** जबकि प्रकरण में एक ही नस्ती में संबंधित एजेंसी के एक नहीं दो बिलों का भुगतान किया जाना कथित त्रुटि होना बताया गया। लेकिन गलती से की गई भुगतान राशि की वापसी को लेकर किसी भीम का नहीं होना तथा आरटीआई जानकारी देने के दबाव में 17 महीने से अधिक समय बाद बगैर किसी कागजी प्रक्रिया के निकाय को वापस लौटाने का खेला एजेंसी और लेखा शाखा की मिली भगत का इशारा करता है। मेरे अनुरोध पर मुनपा अधिकारी मिश्रा की जांच में मिली भगत का सच सामने आता है, तो इस मामले से हो सकता है कि नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारी की आंखें खुलें और वातावरण कुछ ठीक हो। जबकि नागरिकों का आरोप है कि पालिका में हर काम के लिए निर्धारित रकम तय है। जब तक वह नहीं मिलती, किसी का काम नहीं होता है। वैसे तो यह सर्व विविध है नगर पालिका में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरे में जम चुकी हैं। लोगों का सालों चक्कर लगाते समय बीत जाता है लेकिन उनके बिलों का भुगतान नहीं हो पाता है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा में समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई ।इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल तथा उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सम्मान किया गया ।इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक उत्कृष्ट संगठनकर्ता एकात्म मानववाद अंत्योदय दर्शन के प्रणेता थे ।पंडित उपाध्याय ऐसे ऋषि राजनेता रहे जिन्होंने राजनैतिक चिंतन के लिए एकात्म मानवदर्शन का सूत्र दिया और शासन की नीतियां बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र जीवन दर्शन के दृष्टा थे उनके द्वारा लगाए गए जनसंघ के पौधे का विस्तार विचार के रूप में देश ही नहीं दुनिया में भी हुआ है। एक ऐसी राजनैतिक धारा निर्मित की जिसका लक्ष्य राष्ट्र निर्माण है। उनका मानना था कि राजनीति सत्ता के लिए नहीं अपितु समाज की सेवा के लिए हो। स्वतंत्रता के साथ भारत राष्ट्र की यात्रा भारतीय दर्शन के अनुरूप होनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने भी अपने अपने विचार रखे। तथा जिला भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी की रीति नीति के अनुसार पंडित उपाध्याय जी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन मजबूती की बात कही ।इस मौके पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल अध्यक्ष विष्णु शर्मा देवेन्द्र सुनील मोदी राजीव अग्रवाल संतोष पटेल देवेन्द्र गंगोलिया शिवदयाल खेरोनिया डालचंद पटेल महीष मोदी डब्बल पांडोरिया वीरेंद्र स्वदेशी पुरुषोत्तम पटेल रामकुमार ठाकुर पंकज अग्रवाल सोनू महाराज गोलू अग्रवाल मुकेश पुजारी वंदना पटेल देवराज कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट व वीडियो कॉल स्वीकार न करें : बंदेवर

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**




मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 1 से 11 फरवरी तक चलाए गए 'सेफ क्लिक अभियान' का आज समापन किया गया। इसके चलते साइबर जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार को राघवी पुलिस की ओर से ग्राम घोंसला में सेफ क्लिक अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अभियान में पुलिस ने ग्रामीणों को ऑनलाइन बैंकिंग और यूपीआई लेनदेन में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। साथ ही सोशल मीडिया पर निजी जानकारी की सुरक्षा और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। पुलिस ने लोगों को फर्जी लॉटरी कॉल और धोखाधड़ी वाले मैसेज से सतर्क रहने के महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स दिए। व सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग का उपयोग कर प्रोफाइल को लॉक रखना,टू वेरिफिकेशन और केवल विश्वसनीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की सलाह दी गई। पुलिस ने विशेष रूप से चेतावनी दी कि ऑनलाइन लॉटरी, केबीसी, कैशबैक, लोन, फसल बीमा और शॉपिंग ऑफर्स जैसे प्रलोभनों से सावधान रहें। साथ ही, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट व विडियो कॉल स्वीकार न करें और पासवर्ड या पिन किसी के साथ साझा न करें। खासकर सिम अपडेट के नाम पर या बैंक से ओटीपी मांगने वाले फ्रॉड से भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। विशेष रूप से पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर अपराध की शिकायत तत्काल दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। पुलिस ने आमजन से अपील की कि अगर किसी तरह की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तत्काल 1930 नंबर पर कॉल करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन पर शिकायत करें। इस दौरान प्रशिक्षु आईपीएस मिनी शुक्ला, एसडीओपी सुनील कुमार वरकड़े,थाना प्रभारी विरेंद्र सिंह बंदेवार, महिला पुलिस आरक्षक मनीषा सिसोदिया , पत्रकार दिनेश वर्मा, पत्रकार दिनेश डाबी, पत्रकार किशोर कुमावत, पत्रकार कपिल वर्मा, पत्रकार राहुल कुमावत, सरपंच राहुल गुजराती, उपसरपंच दीपक वर्मा व कई गणमान्य नागरिक सहित पुलिस टीम मौजूद थी

**डिजिटल युग में ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा का संदेश:** इस पहल का मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाना है। पुलिस ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि वे न केवल खुद साइबर सुरक्षा के बारे में जानें, बल्कि इस जानकारी को अपने समुदाय में भी प्रसारित करें।

**फाइनेंशियल फ्रॉड क्या है :** फाइनेंशियल फ्रॉड का मतलब है पैसों की धोखाधड़ी. जब किसी मामले में ऑनलाइन तरीके जैसे क्रेडिट, डेबिट कार्ड, यूपीआई के जरिए पैसों की ठगी होती है तो उसे ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड कहते हैं. इसमें साइबर ठग आपको कोई प्रलोभन, निवेश के नाम पर औ अन्य झूठी जानकारी देकर, डरा धमका कर पैसे ऐंठ सकता है.

**फेक कॉल्स :** सोशल मीडिया पर साइबर ठग किसी लड़की की फेक प्रोफाइल से लोगों को शिकार बनाते हैं. ठग लड़की की प्रोफाइल से फेक वीडियो कॉल करते हैं. कॉल उठाते ही आपका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया जाता है. बाद में ठग वीडियो से छेड़छाड़ कर इसे अश्लील वीडियो में बदल देते हैं. बाद में ठग इस वीडियो के जरिए लोगों को बदनामी का डर दिखाकर इसे वायरल करने की धमकी देकर पैसे ठगते हैं.

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय



( 25.09.1916 11.02. 1968 )

श्योपुर, प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर *समर्पण दिवस* मनाया जाता है। वे भारतीय जनसंघ के नेता, एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता थे, जिन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे राष्ट्रवादी व भारतीय राजनीति के पुरोधा भी थे। उनकी मान्यता थी कि हिन्दू धर्म या संप्रदाय से बढ़कर भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। वे मानते थे कि मानव जाति में मन, शरीर, बुद्धि और आत्मा के चार पदानुक्रमित गुण हैं। ये चार सार्वभौमिक उद्देश्यों, अर्थ (धन), काम (इच्छा), धर्म (नैतिक कर्तव्य) और मोक्ष (स्वयं की पूर्ण मुक्ति) के अनुरूप हैं। आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच मध्य प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ ने प्रातः उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के समर्पण दिवस पर देश भर से आतंकवाद को जड़ मूल से खत्म करने के लिए संकल्प लिया। दिल्ली के बाद अब पश्चिम बंगाल प्रदेश में भगवा रंग में समाहित करने हेतु पचास हजार युवा शक्ति और नारी शक्ति को समाहित करने हेतु डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुशील कुमार सरावगी के नेतृत्व में शंखनाद आज से शुरू हो रहा है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ श्योपुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताई।

## मैहर-अमरपाटन एनएच 30 पर भीषण सड़क हादसा,2 श्रद्धालुओ की मौत,मासूम बच्चे सहित 5 लोग घायल

नेशनल हाईवे 30 दुबेही मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने चार पहिया वाहन को मारी जोड़दार टक्कर,घटना में 2 लोगो की मौत,मासूम बच्चे सहित 5 लोग घायल,सभी घायलो को अस्पताल में कराया भर्ती,प्रयागराज महाकुंभ स्नान कर वापस इंदौर जा रहे थे कार सवार,नादन देहात थाना क्षेत्र की घटना।



# इंदौर खाद्य विभाग की राशन माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही...

**गोल्डी राठौर , दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

इंदौर रेवती रेंज स्थित एक गोदाम पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही गोदाम से बड़े ट्रक सहित करीब 40 टन माल जब्त।।

इंदौर में सरकार द्वारा जनता को कंट्रोल से मिलने वाले राशन की कालाबाजारी जोरो पर हे कलेक्टर साहब के निर्देश के बाद खाद्य विभाग के अफसर कारवाही तो कर रहे हे पर इससे पीडीएस के चावल की कालाबाजारी करने वाले को कोई फरक नहीं पड़ता दिख रहा।।

ऐसा ही एक मामला 11 फरवरी की सुबह देखने को मिला इंदौर रेवती रेंज स्थित एक गोदाम पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई जहां से करीब 40 टन सरकारी पीडीएस का चावल और एक बड़ा ट्रक जप्त हुआ।।



खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 11 फरवरी को सुबह उन्हें सूचना मिली कि रेवती रेंज स्थित एक गोदाम पर ट्रक लोड हो रहा हे जिसमें पीडीएस का चावल हे जब हम यहां पहुंचे तो यहां एक ट्रक लोड हो रहा था जिसका नंबर (रू।। 20 त्नष्ट 3192) है और कुछ कट्टे गोदाम में रखे थे जब जांच की गई तो पता चला इसमें राशन की दुकान से गरीबों को मिलने वाला चावल था ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम करण निवासी जिला धार बताया जब इससे पूछा गया कि ये माल किसका हे और कहा जा रहा हे तो उसने बताया माल गुजरात जा रहा हे और यह गोदाम किसका हे इसकी जानकारी उसे नहीं हे वो तो ट्रक को राऊ स्थित पार्किंग से लेकर आया हे फिलहाल ट्रक को जप्त कर चावल को राऊ स्थित वेयर हाउस पर भेज दिया गया हे और गोदाम भी सील कर दीया गया है।।

हमारे सूत्रों से पता चला हे कि ट्रक सतीश अग्रवाल के द्वारा ट्रक मालिक से मंगवाया गया था और इसमें जो माल हे वो भी उसीका है जब अधिकारियों की सूचना सतीश को लगी तो वो मौके से भाग निकला सतीश पर पूर्व में भी कालाबाजारी की कार्यवाही हो चुकी हे जिसमें वह कुछ महीने जेल भी रह चुका हे और आगे जांच में हो सकता हे कि आगे इस मामले में और भी बड़े नामों का खुलासा हो सकता हे।।

# प्रशिक्षु आईपीएस शुक्ला ने लिया थाने का प्रभार



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

प्रशिक्षु आईपीएस मिनी शुक्ला ने मंगलवार को राघवी थाना में थाना प्रभारी के रूप में प्रभार लिया। बता दे कि वे 2023 बैच के 76 आरआर के आइपीएस अधिकारी हैं। प्रशिक्षण के क्रम में राघवी थाना में पहला प्रभार मिला है। वहीं घोंसला में आयोजित साईबर सुरक्षा कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईपीएस मिनी शुक्ला का ग्रामीण जनो व जनप्रतिनिधिओ ने स्वागत कर बधाई दी ।पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि राघवी थाना को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। चोरी, डकैती, लूट, जमीनी विवाद, मारपीट समेत सभी तरह की आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाया जाएगा।

# कलेक्टर के नाम से रुपए मांगकर साइबर ठगों ने दी चुनौती, व्हाट्सएप कर साइबर ठगों ने मांगे रुपए

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

रायसेन. साइबर ठगी के खिलाफ जितनी तेजी से अभियान चलाया जा रहा है।लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।साइबर ठग उतनी ही बड़ी चुनौती पुलिस के सामने रख रहे हैं। अब ठगों ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के नाम से ही व्हाट्सएप कर रुपए मांगे। इसकी जानकारी मिलते ही कलेक्टर ने पुलिस की साइबर सेल को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब साइबर पुलिस इस ठग की तलाश में जुट गई है।




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठग ने किसी व्यक्ति को व्हाट्सएप कर कहा कि किसी प्रोजेक्ट के लिए राशि की जरूरत है। फलां नंबर पर रुपए ट्रांसफर कर दो। उक्त व्यक्ति ने यह जानकारी कलेक्टर तक पहुंचाई। सोमवार को कलेक्टर ने नागरिकों को इस संबंध में सजग करते हुए बताया कि उनके नाम से वॉटसऐप पर ऑनलाईन ठगी की जा रही है। नागरिक या अधिकारी किसी के भी धोखे में ना आएं। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आने के तत्काल बाद साइबर सेल को सूचना दी गई तथा जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मीडिया कर्मियों द्वारा साइबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने अभियान चलाया गया। साइबर ठगी के ठिकानों को अपराधियों का खुलासा किया गया। साथ ही पुलिस ने भी अभियान शुरू किया है। हर गांव, नगर, शहर में लोगों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए जा रहे हैं। लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा जा रहा है। बावजूद इसके साइबर ठग बाज नहीं आ रहे हैं। कलेक्टर के नाम से फर्जी एकाउंट बनाकर उन्होंने पुलिस को चुनौती दी है।

# भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की-विधायक बिरला

**आशीष शर्मा देनिक केसरिया हिंदुस्तान**

बेड़िया-समीपवर्ती गांव डूडगांव में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने कहा कि पंडित जी मानव एकात्मवाद के प्रणेता एवं कुशल संगठनकर्ता थे। पंडित जी का कृतित्व भारतवासियों को सदैव संबल प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल ने समर्पण निधि का शुभारंभ किया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सहयोग राशि प्रदान की।इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल, नरेंद्र पंवार, नरेंद्र गावशिंदे, राजेंद्र नामदेव, कुसुम बिरला,अंतिम सावनेर, रामेश्वर सिनगुने, लंकेश मलगाया, ओमप्रकाश राठौड़, युधिष्ठिर शर्मा,अरविंद रावल, प्रेमलाल बिरला, प्रेमलाल सिनगुने, गोविंद बिरला,भगवान सोलंकी, राकेश बिरला,जितेंद्र सोलंकी, भैयालाल जगाती,अमोल रावत, प्रेमशंकर बघेला, लक्ष्मीनारायण पटेल, भगवान बिरला,पवन खोदरिया आदि उपस्थित थे।

# रविदास जयंती और माघ पूर्णिमा पर संकल्प बनाओ की मांस नहीं खाओगे :बाबा उमाकान्त जी महाराज

## अगर सब लोग मांस खाना बंद कर दें तो कोई जानवर कटेगा ही नहीं



उज्जैन वक्त के सन्त सतगुरु परम पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज ने माघ पूर्णिमा एवं सन्त रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित सतसंग के कार्यक्रम में सभी से आज के दिन से मांस नहीं खाने का संकल्प बनाने को कहा। बाबाजी ने कहा कि भारत देश सन्तों का देश कहा गया और उन्हीं सन्तों में एक रविदास जी भी हुए। आज माघ पूर्णिमा एवं रविदास जयंती है, तो इस दिन आपको संकल्प बनाना है कि हम अब आज से मांस नहीं खाएंगे। अभी तक जो हमसे गलती हुई, अब नहीं करेंगे और अब हम जीवों पर दया करेंगे। अगर सब लोग संकल्प बना कर मांस खाना बंद कर दें तो कोई जानवर नहीं कटेगा और फिर यह सब अपनी मौत मरेंगे, क्योंकि यही जीवात्मा उनके अंदर भी है, लेकिन सजा भोगने के लिए डाली जाती है।

दया धर्म तन बसे शरीरा, ताकर रक्षा करे रघुवीरा: जब जीवात्मा शरीर से तड़प-तड़प कर निकलती है तो उस मालिक को आवाज लगाती है कि देखो प्रभु हमको कैसे मार रहे, काट रहे। फिर वह प्रभु बर्दाश्त नहीं करता है, कर्मों की सजा मिलती ही मिलती है। कबीर साहब ने कहा है – जो गल काटे और का अपना रहा कटाय, साहिब के दरबार में बदला कहीं न जाए卐 तो बदला देना ही पड़ता है। नर्कों में कर्मों के अनुसार सजा मिलती है, मारे-काटे जाते हैं। तो अगर आप संकल्प बना लो और लोगों को भी बनवाओ कि शाकाहारी हो जाओ, जीवों पर दया करो, क्योंकि कहा गया – दया धर्म तन बसे शरीरा, ताकर रक्षा करें रघुवीरा। दया को धर्म बताया गया है।

यहाँ मृत्यु लोक में भी बदला चुकाना पड़ता है और वहाँ ऊपर भी चुकाना पड़ता है : एक आदमी तालाब के किनारे मछली मार रहा था। महात्मा जी अपने चेले के साथ वहाँ से गुजर रहे थे। चेला देख रहा था कि वह आदमी मछलियों को पानी से बाहर निकालकर उछाल रहा था, जिससे वे तड़प-तड़पकर मर रही थीं।

चेला गुरुजी से बोला, गुरुजी, इस आदमी को ही मार दीजिए। देखिए, यह कितने जीवों को मार रहा है! । गुरुजी ने उत्तर दिया, हमारा काम यह नहीं है, सन्तों का काम दया करना होता है। सन्तों का काम काल का नहीं होता।

कुछ दिनों बाद, वही महात्मा जी और उनका चेला राजस्थान की ओर जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने एक ऊँट को पड़ा हुआ देखा। ऊँट को लोग छोड़ जाते हैं जब गिर जाता है, उठा नहीं पाते हैं। उसमें एक झिल्ली होती है, तो पानी भर लेता है और उसे 15 दिनों तक पानी की जरूरत नहीं पड़ती है, लेकिन उसके बाद में फिर जरूरत पड़ जाती है। रेगिस्तान में पानी जल्दी मिलता नहीं है, तो ऊँट गिर जाते थे। यह ऊँट भी गिर पड़ा और लंबे समय तक बिना पानी के पड़ा रहा।

धीरे-धीरे उसके शरीर में सड़न आ गई, और उसमें कीड़े पड़ गए। तब चेला ने गुरुजी से कहा, गुरुजी, देखिए, यह ऊँट तड़प रहा है, और ये कीड़े इसे खा रहे हैं। जब यह हिलता है, तो ये और अधिक काटने लगते हैं। तो आप इसे मार दीजिए। गुरुजी बोले, मैंने पहले भी कहा था कि हमारा काम मारने का नहीं है। फिर वे बोले, क्या तुझे पता है कि यह कौन है? चेला बोला, नहीं! गुरुजी। गुरुजी ने समझाया, यह ऊँट वही मछुआरा है और ये कीड़े वे मछलियाँ हैं जिन्हें उसने मारा था। अब वे बदला ले रही हैं। जैसे उसने उन्हें तड़पाया था, वैसे ही आज ये कीड़े इसे तड़पा रहे हैं। तो इसी तरह बदला यहाँ मृत्यु लोक में भी देना पड़ता है और वहाँ ऊपर भी देना पड़ता है। साहब के दरबार में बदला चुकाना पड़ता है।

# झाबुआ में मंडी में नहीं हो रही अनाज की नीलामी

जावेद खान ज़िला ब्यूरो चीफ़
झाबुआ 8839471710




झाबुआ मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में लंबे समय से अनाज के सौदा बोली से नहीं हो रहे है। जिससे किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर व्यापारियों के यहां जाकर बेचना पड़ रही है। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए बने विश्राम गृह, कैंटीन में ताला लटका है। मंडी प्रबंधन व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर की कृषि उपज मंडी में लंबे समय से अनाज के सौदा बोली से नहीं हो रहे है। जिससे किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर व्यापारियों के यहां जाकर बेचना पड़ रही है। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए बने विश्राम गृह, कैंटीन में ताला लटका है। मंडी प्रबंधन व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दे रहा है।वहीं क्षेत्र के कथित किसान हितैषी संगठनों ने मौन साध रखा है।

किसानों को उपज रखने तीन शेड बनवाए। किसानों को सुविधा देने विश्राम गृह, भोजन के लिए कैंटीन बनवाई। लेकिन इन सुविधाओं का लाभ कई महिनों से किसानों को नहीं मिल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसान कहते है कि पहले यह मंडी सर्वाधिक धान उपार्जन करने वाली मंडी कहलाती थी। लेकिन कई महिनों से यहां बोली से अनाज की खरीदी नहीं हो रही है। बोली न लगने से किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल पाता है।

नीलामी के लिए बने शेड में हाट बाज़ार की दुकानदरों को बैठा रखा है जिसके कारण व्यापारी और किसान परेशान है, जिससे व्यापारी परेशान:मंडी में अनाज रखने और नीलामी करने की जगह नहीं हैं,ओर व्यापारियों को अनाज रखने के लिए यहां गोदाम नहीं है। जिससे व्यापारी मंडी में अनाज खरीदी करने से इसलिए कतराते है कि उन्हें तत्काल उपज को अपने गोदामो में ले जाना पड़ता है। जिससे उन्हें नुकसान अधिक होता है।अधिकांश व्यापारी अपनी दुकानों पर ही अनाज की खरीदी करते है। जिससे किसानों को उपज का वाजिव दाम नहीं मिल पाता है। व्यापारियों की समस्याओं पर भी मंडी प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।

# डॉ बाफना अध्यक्ष डॉ यादव सचिव नियुक्त हुए



## प्रशांत दवे केमिस्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष नियुक्त हुवे

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

**बड़ावदा** नगर के निजी चिकित्सकों की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को निजी चिकित्सक के चिकित्सालय पर रखी गई जिसमें नगर के सभी चिकित्सक ने अपने अपने विचार रखे और क्षेत्र के मरीजों की चिकित्सा के साथ सेवार्थ भाव से चिकित्सा करने का संकल्प लिया।चिकित्सीय कार्य में आ रही बाधा पर भी विचार किया गया।नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रदीप बाफना को सर्वसम्मती से अध्यक्ष नियुक्त किया गया।उपाध्यक्ष डॉ गोरधन पडियार सचिव पद डॉ. सतीश यादव कोषाध्यक्ष डॉ. दिव्येंदु शर्मा सह सचिव डॉ. हिमांशु पुरोहित व कार्यकारिणी का गठन किया गया।इस अवसर पर नगर के केमिस्ट साथी भी उपस्थित थे जिन्होंने पदाधिकारियों को बधाई दी। बड़ावदा केमिस्ट एसोशिएशन के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रशांत दवे का भीं स्वागत किया गया। चिकित्सकों के साथ केमिस्ट साथी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। ये थे उपस्थित श्याम सुंदर पडियार शाहरुख खान दिलीप पाटीदार राकेश पाटीदार डॉ मिलन रॉय डॉ विपुल रॉय आवेश मंसूरी रजत मेहता मिथुन रॉय अरविंद भट्ट रोहित पाटीदार आदि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया वाट्सएप एफ बी के माध्यम से सायबर फ्रॉड से बचना है तो सतर्क रहे

## मंडलेश्वर पुलिस ने लोगो को किया जागरूक

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्यूरो चीफ



मंडलेश्वर।आजकल इंटरनेट का युग है तकनीकी विकास के साथ ही सायबर फ्रॉड के भी प्रतिदिन कोई न कोई व्यक्ति शिकार हो रहे है इसलिए हर व्यक्ति को जो स्मार्ट फोन यूपीआई का उपयोग करता है उसे जागरूक होने के साथ साथ सतर्कता बरतना भी आवश्यक है।धोखाधड़ी के नए नए तरीके जालसाजी करने वालो ने बना रखे है। कैशलेश होने के कारण हमारा अधिकतर काम मोबाइल के जरिए ऑनलाइन हो रहा है।डिजिटल पेमेंट करते समय भी आवश्यक सावधानी रखना चाहिए । मंडलेश्वर पुलिस द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को सायबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया जा रहा है विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों को भी इसके बारे में जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि कभी किसी पुलिस अधिकारी का कॉल आए और वो कहे कि आपका बेटा अवैध ड्रग सप्लाई में अरेस्ट हो चुका है यदि उसको छुड़ाना है तो तत्काल पांच लाख रुपए इस अकाउंट नंबर पर डाल दो वरना देर हो जाएगी तो फिर बचाना मुश्किल होगा ।इस तरह का यदि फोन कॉल आता है तो घबराएं नहीं सबसे पहले अपने बालक की लोकेशन ले उससे बात करने की कोशिश करे यदि नहीं बात हो सके तो तुरंत स्थानीय पुलिस को काल करे उनकी सहायता ले।अगर आपके अकाउंट से कोई राशि निकल गई है तो घबराएं नहीं तुरंत 1930 नंबर डॉयल करें ।देर नहीं करें यदि शिकायत जल्दी की जाती है तो रिकवरी के चांस बढ़ जाते है। बैंक अधिकारी का कॉल आए और वो आपकी जानकारी बैंक अकाउंट आधार आदि की मांग करे तो उसे कोई दस्तावेज या ओ टी पी नहीं भेजना है सीधे बैंक में संपर्क करना चाहिए। एच सी एम दिनेश रोमडे ने बताया की पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है यदि कोई आपसे मोबाइल पर संपर्क कर बोलता है कि गलती से आपके अकाउंट में पेमेंट डल गया है इसे वापस मुझे इस नंबर पर भेज दे तो उसे जवाब नहीं देना है।आपका फोन बंद होने की सूचना देकर आपसे जानकारी ओ टी पी मांगने वाला भी फ्रॉड हो सकता है। इसलिए आप सतर्क रहे सावधान रहे ।

# निगम अवैध टेरेस के मामले में सख्त हो,अन्यथा जिम्मदारी को तैयार रहे...



**बुरहानपुर** – नगर निगम के आधिपत्य के गुजराती समाज मार्केट के टेरेस ओर उस पर बनी 23 दुकानों के अवैध आवंटन के खिलाफ पार्षद अजय उदासीन की शिकायत के बाद लोकायुक्त द्वारा कराई गई जांच के बाद नगरीय प्रशासन द्वारा 4 पूर्व महापौर,5 आयुक्त सहित कई अधिकारी और 36 पूर्व पार्षदों के खिलाफ आरोप तय कर उनके खिलाफ कार्यवाही के आदेश के साथ ही टेरेस ओर उस पर बनी दुकानों को निगम आधिपत्य में लेने के आदेश हुए किन्तु अधिपत्य लेने में ढिलाई के चलते ओर तमाम भाजपाइयो को बचाने के लिए की गई देरी के कारण कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानो पर कब्जे को रोकने हेतु अस्थाई स्टे लाने बाद नगर निगम अधिकारियों द्वारा स्टे को निरस्त कराने के कोई प्रयास नही किये गए जिसको लेकर अब पार्षद अजय उदासीन ने सख्त लहजे में निगम को चेतावनी देते हुए आगामी कार्यवाही करने को कहा है,ऐसा नही करने की दशा में स्वयं ही कानूनी कार्यवाही करने को कहा है।*

*उक्त सम्बन्ध में पार्षद अजय उदासीन ने कहा ने एक पत्र आयुक्त लिखा जिसमे कहा कि 2018 में हुए स्टे के खिलाफ निगम ने कोई कार्यवाही क्यों नही की,किसके दबाव में है नगर निगम,निगम एक सप्ताह में स्टे निरस्त करने की कार्यवाही करे अन्यथा में स्वयं इसे निगम हित मे निरस्त करने की कार्यवाही करूंगा,किन्तु इसमे लगने वाली खर्चे आदि की जवाबदारी निगम की होगी। **अतः निगम स्वयं ही तत्काल इस पर कार्यवाही कर लगभग 6 करोड़ की इस संपत्ति को अपने अधिपत्य में ले।***

# बुरहानपुर के 17 मजदूर महाराष्ट्र में बंधक, पुलिस ने सुरक्षित छुड़ाया




**बुरहानपुर /विकास ठाकुर।** जिले के बंभाड़ा गांव के 17 मजदूरों को महाराष्ट्र में बंधक बनाए जाने की घटना ने एक बार फिर प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इन मजदूरों में 5 महिलाएं, 5 पुरुष और 7 बच्चे शामिल थे। शाहपुर थाना पुलिस ने प्रशासनिक और सामाजिक संगठनों की मदद से सभी को सुरक्षित मुक्त कराया। यह घटना प्रवासी मजदूरों के शोषण और उनके प्रति बरती जाने वाली लापरवाही को उजागर करती है।बुरहानपुर जिले के बंभाड़ा गांव से ये 17 मजदूर काम की तलाश में महाराष्ट्र गए थे। वहां उन्हें जबरन बंधक बना लिया गया और अमानवीय परिस्थितियों में काम कराया जाने लगा। जैसे ही पुलिस को इस मामले की सूचना मिली, शाहपुर थाना पुलिस ने एसपी देवेंद्र पाटीदार के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की।

शाहपुर पुलिस की सक्रीय भूमिका : शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिला प्रशासन से संपर्क किया। पुलिस ने स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संगठनों की मदद से बचाव अभियान चलाया। इस अभियान में एएसआई महेंद्र पाटीदार, प्रधान आरक्षक शहाबुद्दीन, जन साहब संस्था के लीगल को-ऑर्डिनेटर सीएस परमार, राज्य समन्वयक यास्मीन खान और एफओ देव भोरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंततः सभी मजदूरों को सुरक्षित मुक्त कराकर उनके गांव बंभाड़ा पहुंचा दिया गया।

**प्रवासी मजदूरों की स्थिति और चुनौतियां,,,**हर साल बुरहानपुर जिले से सैकड़ों मजदूर रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। लेकिन कई बार उन्हें अनुचित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है।

1. बंधुआ मजदूरी का खतरा॒ गरीब और अशिक्षित मजदूरों को बिचौलियों द्वारा झूठे वादों में फंसाकर शोषण किया जाता है।

2. सुरक्षा की कमी॒ बाहरी राज्यों में इन मजदूरों की कोई सुरक्षा नहीं होती, जिससे वे शोषण और हिंसा का शिकार होते हैं।

3. कानूनी सहायता का अभाव॒ प्रवासी मजदूरों को कानूनी सहायता तक पहुंच नहीं होती, जिससे वे अपनी स्थिति के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते।

4. सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं॒ कई मजदूरों को सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं होती, जिससे वे उनके लाभ से वंचित रह जाते हैं।


प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा, ठोस कदम उठाने की जरूरत

इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# दूल्हा बनेंगे श्रीअंगारेश्वर महादेव, नौ दिन हल्दी लगेगी, होगा नित नया शृंगार

## अवंतिका एक मात्र तीर्थ, जहां शिवनवरात्र पूजन की परंपरा : पुजारी मनीष उपाध्याय

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**उज्जैन।** महामंगल की जन्म भूमि कहे जाने वाले श्री अंगारेश्वर मंदिर में फाल्गुन कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक शिवनवरात्र उत्सव मनाया जाएगा। पुजारी प्रतिदिन भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव का पंचामृत पूजन कर उन्हें हल्दी लगाकर दूल्हा रूप में श्रृंगारित करेंगे। शाम को नौ दिन अलग-अलग रूपों में विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी पं. रोहित उपाध्याय ने बताया विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा श्रीमहाकाल की तरह श्रीअंगारेश्वर महादेव मंदिर में भी शिवनवरात्र उत्सव मनाया जाता है। इस बार तिथि वृद्धि के कारण यह उत्सव दस दिन का रहेगा। 17 फरवरी को शिव पंचमी की पूजा के साथ दस दिवसीय उत्सव की शुरुआत होगी। भगवान अंगारेश्वर को हल्दी लगाई जाएगी। इसके बाद दूल्हा रूप में श्रृंगार होगा। गंधाक्षत, फूल, फल, धूप दीप, नैवेद्य के बाद आरती की जाएगी।

यह सिलसिला शिवनवरात्र के पूरे नौ दिन चलेगा। महाशिवरात्रि पर भक्त दिनभर भगवान का जलाभिषेक कर सकेंगे। शाम 4 बजे जल अर्पण का सिलसिला बंद होने के बाद विशेष पूजा का अनुक्रम शुरू होगा। भगवान के शीश फल व फूलों से बना सेहरा सजाया जाएगा। भक्तों को दिनभर फलाहारी खीर प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

अवंतिकातीर्थ में शिवनवरात्र की परंपरा: मंदिर के विद्वान पुजारी पं. मनीष उपाध्याय ने बताया भारत भूमि में उज्जैन नगरी अर्थात् अवंतिका एक मात्र तीर्थ है, जहां शिवनवरात्र के पूजन की परंपरा है। ज्योतिर्लिंग श्रीमहाकालेश्वर के अलावा अन्य शिव मंदिरों में भी यह उत्सव मनाया जाता है। श्रीअंगारेश्वर मंदिर में यह इसलिए भी विशेष है कि, विवाह आदि मांगलिक कार्यों में अवरोध आने पर अंगारेश्वर की भातपूजा का विधान है। शिवनवरात्र उत्सव तो शिव पार्वती विवाहोत्सव के रूप में ही मनाया जाता है। इसलिए मांगलिक कार्यों का दोष दूर करने के लिए इन नौ दिनों में महामंगल की भातपूजाविशेष फलदायी है।

# 108 कुण्डीय श्री महारुद्र यज्ञ का समापन आज

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा गौ रक्षा को लेकर रेता घाट दीपेश्वर धाम बरमान में चल रहे 108 कुण्डीय श्री महारुद्र यज्ञ का आज समापन हो रहा है।अंजनी अखाड़ा प्रमुख साध्वी श्यामा दीदी के मार्गदर्शन में चल रहे इस महायज्ञ के दौरान आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में गौ माता की रक्षा और संरक्षण को लेकर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।साथ ही साथ संत समाज द्वारा गौ संरक्षण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में सौंपा गया।



# मैहर-अमरपाटन रामनगर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा,माँ-बेटे की दर्दनाक मौत,1 बच्ची घायल

अमरपाटन थाना क्षेत्र ईटमा कोठार के पास बेलगाम सीमेंट से लोड ट्रक ने बाइक सवार को कुचला,माँ बेटी की दर्दनाक मौत,1 घायल,सूचना के बाद मौके पर पहुँची अमरपाटन पुलिस,ट्रक को पकड़ा,मृतक खुटहा गांव के है निवासी, परिवार कार्यक्रम में शामिल होने किरहाई गांव आए थे बाइक सवार,मौके पर पुलिस मौजूद जांच में जुटी।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर बुधवार 12 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# प्रदेश को विकसित बनाने के लिए औद्योगिक संवर्धन नीति सहित अनेक नीतियां स्वीकृत

**मंत्रि-परिषद के निर्णय**

**युवाओं के लिये रोजगार क्रांति साबित होंगी नीतियां**

**अगले पांच वर्षों में लगभग 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे**

**निवेशकों की राह और आसान होगी**

**निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति-2025 की स्वीकृति**

**मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक नीति 2025 की स्वीकृति**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश को विकसित एवं समृद्ध राज्य बनाने के लिए औद्योगिक संवर्धन नीति 2025 की स्वीकृति दी गयी है। इसके अंतर्गत 10 सेक्टर विशिष्ट नीतियों यथा कृषि, डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति, टेक्सटाइल नीति, परिधान, फुटवियर, खिलौने और सहायक उपकरण नीति, एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन प्रोत्साहन नीति, फार्मास्यूटिकल्स नीति, बायोटेक्नोलॉजी नीति, मेडिकल डिवाईसेस नीति, ईव्ही विनिर्माण नीति, नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण नीति और हाई वेल्यू-एड विनिर्माता नीति को स्वीकृति दी गयी है।

औद्योगिक संवर्धन नीति 2025 का उदेश्य मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और राज्य की वर्तमान जीडीपी को 2.9 लाख करोड़ रूपये से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक लगभग 6 लाख करोड़ रूपये करने में उद्योगों का योगदान बढ़ाना है। निवेशकों को एक समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना का विकास करना, एनवायरनमेंटली सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल ग्रोथ और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना, राज्य में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना, विशेष रूप से रोजगार-गहन क्षेत्रों पर जोर देते हुए अगले पाँच वर्षों में लगभग 20 लाख नवीन रोजगार के अवसर सृजित करना,निवेशक सुविधा में सुधार करना और राज्य में व्यापार करने की प्रक्रिया को सरल बनाना और प्रदेश की योजनाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के साथ संरेखित कर भविष्य के लिए प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करना है। इसके अंतर्गत वृहद और मेगा स्तर की औद्योगिक इकाई को निवेश प्रोत्साहन सहायता, सामान्य सहायता और अतिरिक्त सहायता के प्रावधान शामिल किये गये है।

कृषि, डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति में विद्युत टैरिफ प्रतिपूर्ति 1 रूपये प्रति यूनिट 5 वर्षों के लिए प्रदाय की जायेगी। गुणवत्ता प्रमाणन के लिए प्रोत्साहन, 50त्न अथवा 5 लाख जो भी कम हो 5 वर्षों के लिए प्रदाय किया जायेगा। इसके साथ ही 75 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकेज के लिए पात्र होंगी।

टैक्सटाइल नीति के अंतर्गत?संयंत्र और मशीनरी के लिए गए टर्मलोन पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान सुविधा 5 वर्षो के लिए अधिकतम, 50 करोड़ रूपये प्रदाय की जायेगी। अपेरल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर 25 प्रतिशत सहायता अधिकतम 50 लाख रूपये वित्तीय सहायता प्रदाय की जायेगी। साथ ही 500 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाईयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टमाईज्ड पैकेज के लिए पात्र होंगी।

परिधान, फुटवियर, खिलौने और सहायक उपकरण नीति में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति कर्मचारी 5 हजार रूपये प्रति माह 5 वर्षों तक, कुल 10 वर्षों की अवधि में प्रदान किये जायेंगे। प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए 13 हजार रूपये प्रति नए कर्मचारी के लिए 5 वर्षों तक प्रदान किया जायेगा। टर्मलोन पर 5त्न ब्याज अनुदान, अधिकतम 50 करोड़ रूपये दिया जायेगा। विकास शुल्क में 25त्न की रियायत देने के साथ स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क सहायता में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। विद्युत टैरिफ रियायत के रूप में 1 रूपये प्रति यूनिट, अधिकतम 5 वर्षों के लिए प्रदान की जायेगी। अपेरल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर 25 प्रतिशत सहायता अधिकतम 50 लाख रूपये प्रदाय की वित्तीय सहायता प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही 75 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी इकाइयां कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

एयरोस्पेस और रक्षा उत्पादन प्रोत्साहन नीति में विकास शुल्क में 25त्न की रियायत दी जायेगी। गुणवत्ता प्रमाणन के रूप मे 50त्न या 10 लाख रूपये की प्रतिपूर्ति, जो भी कम हो की जायेगी। साथ ही 500 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी इकाइयां कस्टामाईज्ड पैकज के?लिए पात्र होंगी।

नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण नीति में विकास शुल्क में 50त्न की रियायत दी जायेगी गुणवत्ता प्रमाणन लागत का 50त्न या 1 लाख रूपये जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति की जायेगी। 250 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाइयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकज के?लिए पात्र होंगी।

फार्मास्यूटिकल्स नीति के अंतर्गत?गुणवत्ता प्रमाणन लागत का 50त्न या 1 करोड़ रूपये 5 वर्षों के लिए प्रदान किया जायेगा। अतिरिक्त निवेश पर 2 वर्षों का स्लैक अवधि प्रोत्साहन के रूप में दिया जायेगा। परीक्षण सुविधा की स्थापना में हुए व्यय का 50त्न पूंजी अनुदान अधिकतम 1 करोड़ रूपये प्रदान किया जायेगा। साथ ही 250 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाइयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

बायोटेक्नोलॉजी नीति में इन-हाउस आर एंड डी के लिए यंत्र-संयंत्र एवं भवन का 50 प्रतिशत ईएफसीआई में सम्मिलित होगा। परीक्षण सुविधा की स्थापना में हुए व्यय का 50त्न पूंजी अनुदान अधिकतम 1 करोड़ रूपये प्रदान किया जायेगा। बायोटेक्नोलॉजी पार्क निजी औद्योगिक पार्क के समान सुविधा के लिए पात्र होंगे। 250 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाईयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

मेडिकल डिवाइसेस नीति में आर एंड डी सुविधाएं विकसित करने के लिए 50 प्रतिशत ईएफसीआई में सम्मिलित होगा। परीक्षण सुविधा की स्थापना पर 50त्न पूंजी अनुदान अधिकतम 1 करोड़ रूपये प्रदान किया जायेगा। 500 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी इकाईयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

ईव्ही विनिर्माण नीति के बैटरी परीक्षण सहित को ईएफसीआई अंतर्गत मान्य किया जायेगा। गुणवत्ता प्रमाणन के लिए 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति या 1 लाख रूपये प्रति मॉडल जो भी कम हो, अधिकतम 10 लाख रूपये प्रदान किये जायेंगे। एमपीआईडीसी द्वारा लगाए गए विकास शुल्क में 25त्न की रियायत दी जायेगी। 500 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी इकाइयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टामाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

हाई वेल्यू-एड विनिर्माता नीति के अंतर्गत प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए सहायता के रूप में 13 हजार रूपये प्रति नए कर्मचारी 5 वर्षों तक प्रदान किया जायेगा। गुणवत्ता प्रमाणन लागत का 50त्न या 1 लाख रूपये की प्रतिपूर्ति, जो भी कम हो प्रदान की जायेगी। 75 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करने वाली मेगा श्रेणी की इकाईयां सीसीआईपी अंतर्गत कस्टमाईज्ड पैकज के लिए पात्र होंगी।

# सबको मिले सरकार की योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री डॉ यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। योजनाओं के जरिए ही हम इस लक्ष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलम्ब के समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे।

# सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूरा करें : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की विभागीय कार्ययोजना एवं उससे जुड़े वित्तीय प्रावधानों के संदर्भ में समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय कार्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में विभागों को जारी किए गए बजट में वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित करें। नये वित्तीय वर्ष के बजट में योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूरा करें, जिससे विकास कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिए कि



वे आयुष्मान निरामयम योजना की नियमित रूप से मानीटरिंग करें। सभी जरूरतमंद व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के प्रकरणों में तत्परता और सजगता से कार्रवाई की जाये। सभी पात्र व्यक्तियों के तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाये जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे, इसके लिए विभागों को बेहतर तालमेल और उच्च कोटि का समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत परियोजनाओं की स्वीकृति समय पर हो तथा इनका क्रियान्वयन भी समय सीमा में ही पूरा करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के आर्थिक संसाधनों के न्यायसंगत वितरण पर जोर दिया और कहा कि वित्तीय नियमावली का पालन करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से रिजल्ट ओरिएंटेड कार्यशैली अपनाने और योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को राज्य के समग्र और तीव्र विकास के लिए नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया में और तेजी लाने तथा वित्तीय संसाधनों के प्रभावी व अधिकतम उपयोग पर बल दिया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपनी विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी दी और आगामी वित्त वर्ष के लिए तय किये गये लक्ष्यों की रूपरेखा पर चर्चा की।

बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डा. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव तथा स्कूल शिक्षा व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव उपस्थित थे।

**स्कूलों की मान्यता की आखरी डेट खत्म**

# प्रदेश के 6 हजार से अधिक स्कूलों ने नहीं किया आवेदन, भोपाल के 232 बाकी

भोपाल। मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केंद्र के नए नियमों के कारण हजारों निजी स्कूलों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। निजी स्कूल संगठन के अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि विभाग की कठोर शर्तों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई विद्यालयों की मान्यता अधर में लटकी हुई है। प्रदेशभर में करीब 20त्न स्कूल अब तक मान्यता के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं, जिनकी संख्या 6,000 से अधिक है। भोपाल में 1400 स्कूलों में से 232 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है। वहीं राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह इस मुद्दे



पर कोई टिप्पणी करने से बच रहे हैं। अगर यह हालात रहे तो 18,000 निजी स्कूल बंद हो सकते हैं, जिससे लाखों बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी, खासकर उन छात्रों की जिनका नाम कम शुल्क वाले विद्यालयों में है। अजीत सिंह के अनुसार, जिन स्कूलों ने आवेदन किया है, उनमें भी कई स्कूलों के पास दस्तावेज़ पूरे नहीं हैं या वे नए नियमों का पालन नहीं कर पा रहे हैं। इस मुद्दे पर सरकार और विभाग की चुप्पी बनी हुई है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने समाज से अपील की है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए इस समस्या का हल जल्द निकाला जाए। यदि समय रहते यह मुद्दा हल नहीं हुआ तो हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे और लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। निजी विद्यालयों के संचालकों का आरोप है कि जहां सरकार निजी स्कूलों पर सख्ती कर रही है, वहीं सरकारी स्कूलों की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा है। अजीत सिंह ने कहा कि 40त्न सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं है, 25त्न में शौचालय की सुविधा नहीं है, कई स्कूलों में शिक्षक की कमी है और कहीं-कहीं छात्रों की संख्या भी कम हो रही है। इस बीच, एसोसिएशन ने यह भी चेतावनी दी है कि सरकार के नए नियमों की जटिलता के कारण सवा लाख से अधिक कर्मचारी बेरोजगारी की कगार पर पहुंच सकते हैं। मध्यप्रदेश में प्राइवेट स्कूलों के मान्यता नियमों में बदलाव को लेकर मंगलवार को स्कूल संचालकों ने बीजेपी ऑफिस के सामने धरना दिया। करीब दो घंटे तक वे ऑफिस के बाहर डटे रहे, फिर लौट गए। अब वे शिक्षा मंत्री से भी मिलेंगे।

# 52 किलो सोना, 11 करोड़ कैश समेत अन्य प्रापर्टी को लेकर तीनों से होगी पूछताछ

भोपाल। आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों को कोर्ट आज ईडी को रिमांड पर सौंपेगी। ईडी के आवेदन के बाद कोर्ट ने जेल पुलिस को तीनों ही आरोपियों सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए थे। जिन्हें आज सुबह कोर्ट में पेश किए जाने के बाद कोर्ट ने पूछताछ के लिए तीनों को ईडी को सौंपने के आदेश देगी। इसके बाद ईडी की टीम इनसे इनोवा कार में मिले 52 किलो सोना, 11 करोड़ रुपए कैश समेत अन्य करोड़ों रुपए की संपत्ति के मामले में पूछताछ करेगी। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों चेतन सिंह गौर तथा शरद जायसवाल के खिलाफ विशेष न्यायाधीश ईडी संतोष कुमार कोल की अदालत में ईडी ने याचिका लगाकर प्रोटेक्शन वारंट मांगा था। इसके बाद कोर्ट ने केंद्रीय जेल के अधीक्षक को तीनों ही आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। ईडी के अधिकारियों ने सोमवार को अदालत में याचिका पेश कर कहा कि आरोपी केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। पूछताछ करने के लिए प्रोटेक्शन वारंट जारी कर केंद्रीय जेल के अधीक्षक को निर्देश दिए जाएं कि वह आरोपियों को अदालत में पेश करें। कोर्ट के आदेश के बाद आज इन्हें अदालत में पेश किया गया। 4 फरवरी को सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को लोकायुक्त पुलिस संबंधी मामलों की अदालत में न्यायाधीश आरपी मिश्रा के कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने तीनों को 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए थे। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद ईडी ने 5 फरवरी, 6 फरवरी और 7 फरवरी तक लगातार तीन दिनों तक सौरभ, चेतन और शरद से अलग-अलग और आमने-सामने बिठाकर जेल पुलिस की मौजूदगी में पूछताछ की थी।

# मध्यप्रदेश में ठंड से राहत, दिन-रात में पारा 5 डिग्री बढ़ा

**भोपाल।** इन दिनों मध्यप्रदेश में ठंड से थोड़ी राहत मिली है। रात के बाद सोमवार को दिन के पारे में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। गुना में एक ही दिन में पारा 5.4 डिग्री बढ़ गया। रतलाम-सिवनी में 33 डिग्री और मंडला में 33.5 डिग्री रहा। अधिकांश शहरों में पारा 30 डिग्री से ज्यादा ही रहा। ऐसा ही मौसम अगले 2 दिन और बना रहेगा। 13 फरवरी से सर्दी का दूसरा दौर आ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार को गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, 8 फरवरी को एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) उत्तर भारत पहुंचा था। इसके असर के कारण प्रदेश में उत्तर से सर्द हवाएं चल रही थी, जो अब लौट गई है। अब राजस्थान के पास एक प्रेरित चक्रवात (इंड्यूस साइसर) बन गया है। इसके कारण हवा का रुख बदल कर दक्षिणी हो गया है। ऐसे में उत्तर से सर्द हवा नहीं आ रही है। जिससे दिन-रात के पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सोमवार को दिन के तापमान में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है। गुना में 5.4 डिग्री बढ़कर यह 32.5 डिग्री पर आ गया।

**भोपाल के हाईटेक नमोवन पार्क का भूमिपूजन**

# 400 करोड़ के सीवेज प्रोजेक्ट की शुरुआत; जुगाड़ से बस स्टॉप का भी लोकार्पण

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार सुबह भोपाल के पहले हाईटेक पार्क नमोवन के लिए भूमिपूजन किया।लालघाटी के पास वीआईपी रोड किनारे 3 एकड़ में 6.99 करोड़ रुपए से पार्क विकसित होगा। वहीं, अमृत-2.0 के तहत 400.27 करोड़ रुपए के सीवेज प्रोजेक्ट की शुरुआत भी की गई। सीएम डॉ. यादव ने सीवेज प्रोजेक्ट के कार्यों का भूमिपूजन किया। वहीं, 3 करोड़



रुपए से खरीदी गई 4 सीवर कम जेटिंग मशीनों और पुरानी बसों को बस स्टॉप में तब्दील करने के कार्य का लोकार्पण भी किया। मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, राहुल कोठारी भी मौजूद रहे।भूमिपूजन/ लोकार्पण से पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. एवं उपस्थित अतिथियों ने पुष्पांजलि भी अर्पित की। लालघाटी चौराहे के पास रोड पर 3 एकड़ जमीन है। यहीं पर नमोवन बनेगा। यह पार्क सोलर लाइट से रोशन होगा, जबकि फूड, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट बनेंगे। फव्वारे और झूले भी रहेंगे। ताकि, यहां घूमने आने वालों को आकर्षक नजारा दिखाई दें। दावा है कि ये भोपाल का सबसे सुंदर पार्क होगा।

पिछले साल पार्क की डिजाइन बनी थी। फिर इसकी (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) अप्रूवल के लिए भेजी गई थी, जो मंजूर हो गई। पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा भी लगेगी। बीजेपी जिलाध्यक्ष और एमआईसी मेंबर रविंद्र यति ने बताया, भूमिपूजन के साथ ही पार्क को डेवलप करने की प्रोसेस शुरू कर देंगे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

डीएम ने देखी परिषदीय विद्यालयों की कायाकल्प रिपोर्ट

# स्कूलों का होगा लगातार निरीक्षण लापरवाही पर हो सकती है कार्यवाही

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने संबंधित से स्कूल में पेयजल एवं शौचालय की स्थिति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में पेयजल एवं शौचालय की स्थितियों में सुधार लाया जाये, इसके बिना स्कूल अनुपयोगी है। जिन स्कूलों में शौचालय नहीं बने हैं उन स्कूलों में प्राथमिकता पर शौचालय बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही बच्चों के मल्टीपल हैण्डवाश के लिये उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण करते रहे। जलापूर्ति के लिये हैण्डपम्पध्समरसेबल की जानकारी लेते हुये कहा कि स्कूल में टंकी रखकर पाईप लगाते हुये पानी की समस्या दूर की जाये तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भी स्कूलों में पानी की आपूर्ति की जाये। कक्षाओं में टायलीकरण, विद्युत, विद्युत वायरिंग, उपकरण एवं संयोजन का भी कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्कूलों में रंगाई-पुताई सही ढंग से नही है वहां भी कार्य सही ढंग से कराया जाये तथा स्कूल की बाउन्ड्रीवाल एवं फर्नीचरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान जिन स्कूलों में रंगाई व पुताई का कार्य पूर्ण नही पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने




संबंधित अधिकारियों को स्कूलों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुये इसे गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कार्यों में गुणवत्ता से संबंधित जो भी शिकायतें आ रही उसका निस्तारण किया जाये। जर्जर स्कूलों या भवनों की नीलामी से पूर्व उसका मूल्यांकन सही ढंग से किया जाये। स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन की स्थिति में सुधार के निर्देश देते हुये कहा कि ज्यादा से ज्यादा नामांकन किये जाये व इसका प्रेरणा पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड किन्हीं कारणों से नही बन पाया हो, उनका आधार कार्ड तत्काल बनवाया जाये ताकि बच्चों के लिये जो पैसा खातों में पहुंचाया जा रहा है वह आसानी से पहुंच सके। पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी लेते हुये उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि पाठ्य पुस्तक की आपूर्ति बच्चों के घर पर जाकर की जाये, जो बच्चे स्कूल नही आ रहे है उनके अभिभावकों से मिलकर इस संबंध में उनसे जानकारी ली जाये। दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं नामांकन की जानकारी के साथ-साथ उपस्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो दिव्यांग बच्चे स्कूल नही आ पा रहे हैं तो ऐसे बच्चों के घरों पर स्पेशल एजुकेटर जाकर उनको शिक्षित करें। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की प्रगति की जानकारी लेते हुये कहा कि जहां-जहां पर बच्चों की उपस्थिति कम है तो उसके कारण की जानकारी करते हुये स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित करायी जाये बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध वाहनों पर सख्त हुई एसडीएम लहरपुर

**सीतापुर ।** उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने बताया कि आज प्रातः पाँच बजे से राजस्व, पुलिस व परिवहन की संयुक्त टीम सक्रिय हुई तो ओवरलोड वाहनों सहित अनफिट वाहनों एवं अपूर्ण दस्तावेजों वाले वाहनों को चिन्हित कर चालान किया गया। यह सघन चेकिंग अभियान प्रातः पाँच बजे से 10 बजे तक चला, जिसमे कुल 16 वाहनों का चालान किया गया। जिन 16 वाहनों का चालान किया गया उन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। आज राजस्व व परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही की गई ये कार्यवाही अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है। सघन अभियान में ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी भी मौजूद रहीं।

## बालू लदे डनलप ने मासूम को रौंदा

**रेउसा-सीतापुर ।** रेउसा थाना क्षेत्र में बालू से लदे डनलप की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गई। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस ने डनलप को कब्जे में ले लिया है। डनलप का मालिक भी पुलिस की हिरासत में है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार पकौरी निवासी विनय पाल का पुत्र अंकुश (1.5) सोमवार को दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक सड़क की ओर भाग पड़ा। सड़क पर पुरैनी बोहरा गांव निवासी अवधेश सिंह अपने बालू से लदे डनलप को लेकर निकल रहा था। अंकुश पहिये के नीचे आ गया। सिर पर गंभीर चोट लग गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी हनुमंत तिवारी ने बताया कि बच्चे के पिता बाहर हैं।

## कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**बिसवां, सीतापुर ।** विकास खंड के ग्राम बन्नी राय में कंपोजिट स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में व विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में माता सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। एमडीएम खिलाने के उपरांत बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम में अध्यापक, शिक्षामित्र, रसोइया एवं सम्मानित ग्रामवासी अभिभावक भी उपस्थित रहे। बच्चों को फल वितरण, मिष्ठान वितरण एवं पुरस्कार वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

## हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**सीतापुर।** जनपद के पिसवां थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार बिहार प्रान्त के पश्चिमी चंपारण जिले के ढकरहा, रूपा टोला निवासी चंदन चैधरी ने बताया कि उनके चचेरे भाई धर्मेंद्र (28) लुधियाना से काम करने के बाद बिहार लौट रहे थे। बीती देर रात उनकी बस पिसावां में नेशनल हाईवे पर स्थित फौजी ढाबे के पास रुकी। यात्री बस से उतरकर खाना खाने लगे। इस दौरान धर्मेंद्र भी नीचे उतरे। तभी रोडवेज बस चालक ने लापरवाही से बस को बैक करना शुरू कर दिया। चपेट में आने से चचेरे भाई धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। ढाबा मालिक ने धर्मेंद्र के ही फोन से परिजनों को इस हादसे की खबर दी। उधर, हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि बस मुरादाबाद डिपो की थी।

# एक दर्जन ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, फर्म पर जबरन सप्लाई का आरोप

गौशालाओं में सड़ा चारा और कीड़े मिलने का मामला

**गोंदलामऊ-सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ में गौशालाओं को सप्लाई किए जा रहे चारे की गुणवत्ता को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में संचालित अस्थाई गौशालाओं में गाजियाबाद की न्यूट्री फोडर एंटरप्राइजेज द्वारा आपूर्ति किए जा रहे मक्का साइलेज में कीड़े निकलने और चारे के सड़े होने की शिकायत की गई है। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे एक दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



प्रतिनिधि विवेक सिंह के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचे। बीडीओ की अनुपस्थिति में उन्होंने वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार को शिकायती पत्र सौंपा।प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि के अनुसार, फर्म द्वारा सप्लाई किया जा रहा साइलेज इतना खराब है कि गायें उसे खाने से मना कर रही हैं। इसके बावजूद फर्म के संचालक प्रधानों को चारा न लेने पर जांच की धमकी दे रहे हैं।इस विरोध में बैशौली, नारायणपुर, गांगापुर, डेंगरा, कुरौली, रघुनाथपुर ऐनी, पारा, तेरवा, असुवामऊ, धरौली और महसुई, सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान शामिल रहे। प्रधानों ने मांग की है कि सड़े हुए साइलेज की सप्लाई तत्काल बंद की जाए और गौशालाओं में गुणवत्तापूर्ण चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# विकास भवन में मनाया गया इण्टरनेट डे


**सीतापुर।** भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को विकास भवन स्थित मीटिंग हॉल में सफर इण्टरनेट डे मनाया गया। स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों को सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए जिला स्तर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदारी पूर्वक इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देते हुए विभिन्न इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, साइबर स्वच्छता, प्रमुख साइबर खतरों और प्रभावी शमन रणनीतियों के बारे में शिक्षित



करना था। उक्त कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी हरिशचंद्र प्रजापति, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह, सहायक जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दिव्यकीर्ति बाजपेयी, नेटवर्क इंजीनियर सुधीर कान्त वर्मा व सी0एस0सी0 मैनेजर आशीष शुक्ला के साथ विकास भवन व कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही कार्यशाला में उपस्थित रहे वी0एल0ई0 को प्रशिक्षित करते हुए निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित इंटरनेट संचालन हेतु जागरूक करें।

# सचिव ने प्रधान पति के नाम भुगतान निकाल किया घोटाला

**सीतापुर ( बिसवां )।** विकास खण्ड बिसवां में सचिव लगातार जारी आदेशो को ताख कर भुगतान करने में मशगूल है, जारी शासनादेश को धता बताकर कर सचिवो प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर घोटाले कर रहे है, ग्राम पंचायत कैहमारा कलाँ में सचिव ने प्रधान लक्ष्मी देवी के पति वीरेंद्र विमल के नाम भुगतान कर फर्जीवाडा कर रहे है, बताते चले प्रधान ने सचिव के साथ मिलीभगत कर लाखो रूपये के सरकारी धन का बंदरबाँट कर डाला है, प्रधान लक्ष्मी देवी ने सचिव से सांठगांठ कर अपने



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 55 | 5THSFC/2024-25/P/37 | 26-10-24 | 19890 | M/S JAI BALA JI TRADERS-Agency | Credited |
| 56 | 5THSFC/2024-25/P/38 | 26-10-24 | 19985 | M/S JAI BALA JI TRADERS-Agency | Credited |
| 57 | 5THSFC/2024-25/P/39 | 26-10-24 | 62150 | M#475 VERMA ENTERPRISES-Agency | Credited |
| 58 | 5THSFC/2024-25/P/64 | 28-01-25 | 1200 | MR ANJUL PATEL CE-Citizen | Credited |
| 59 | 5THSFC/2024-25/P/64 | 28-01-25 | 18198 | MR RAHEES AHMAD-Citizen | Credited |
| 60 | 5THSFC/2024-25/P/65 | 28-01-25 | 18885 | Dinesh-Citizen | Credited |
| 61 | 5THSFC/2024-25/P/69 | 28-01-25 | 30430 | GUPTA TRADERS-Agency | Credited |
| 62 | 5THSFC/2024-25/P/70 | 28-01-25 | 20000 | LAXMI DEVI GRAM PRADHAN-Citizen | Credited |
| | | | 8500 | M#475 ADARSH CYCLE COMPANY-Agency | Credited |
| 63 | 5THSFC/2024-25/P/21 | 28-08-24 | 31017 | MR VIRANDU VIMAL-Citizen | Credited |
| 64 | 5THSFC/2024-25/P/21 | 28-08-24 | 31041 | MR VIRANDU VIMAL-Citizen | Credited |
| 65 | 5THSFC/2024-25/P/22 | 28-08-24 | 9873 | M/S PATEL BRICK FIELD-Agency | Credited |
| 66 | 5THSFC/2024-25/P/22 | 28-08-24 | 41912 | M/S PATEL BRICK FIELD-Agency | Credited |
| 67 | 5THSFC/2024-25/P/22 | 28-08-24 | 39750 | M/S PATEL BRICK FIELD-Agency | Credited |
| 68 | 5THSFC/2024-25/P/23 | 28-08-24 | 41532 | M#475 KP TRADERS-Agency | Credited |
| 69 | 5THSFC/2024-25/P/23 | 28-08-24 | 38688 | M#475 KP TRADERS-Agency | Credited |

पति वीरेंद्र विमल के नाम चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख से अधिक का वित्तीय खातों से भुगतान कर शासनादेश की धाज्जिया उड़ा दी गयी है। जब इस सम्बंध में एडीओ पंचायत बिसवां से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है कार्यवाही की जाएगी, पूर्व में प्रकाशित हुई खबरों की जांच की जा रही है जिसमे करीमपनाह की कार्यवाही की जा रही है।

# जलकल विभाग ने डाली पाइप लाइन, ध्वस्थ हो गये दर्जनों मार्ग

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे में जलकल विभाग द्वारा डाली जा रही नई पाइप लाइन से नगर के दर्जनों मार्गों का बुरा हाल लोगों का जीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। गलियों की बेतरतीब खुदाई के कारण लोगों का घर से निकलना दुश्वार है। पाइप लाइन डाली गई सड़कों पर चलना दूभर है नगर के प्राचीन और इतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर पूजा अर्चना करने जाने में प्रत्येक दिन हजारों भक्तों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का कहना है कि घर से बाहर निकलते ही चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। पहले से पड़ी पाइप लाइन होने के बावजूद गली खोदकर नए पाइप डालने का कार्य चल रहा है। वार्ड



सभासदों का कहना है कि ठेकेदारों द्वारा नए पाइप डालने के पश्चात सड़क को पहले जैसा दुरुस्त करने की भी जिम्मेदारी दी गई है। पर ठेकेदार द्वारा जहां जहां पाइप डाले गए हैं वहां की सड़को पर जैसे तैसे मिट्टी डालकर आगे कार्य करने लग जाते हैं।नगर के मोहल्लों के लोगों का कहना है कि सड़क खोदने का कार्य कर रहे ठेकेदार या मजदूरों से सड़क की नए सिरे से मरमत के लिए कहो तो वो अनसुनी करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। सिद्धेश्वर नगर के मोहल्लेवासी मनीष श्रीवास्तव, नीलु श्रीवास्तव मनोज कुमार, उमाशंकर दीक्षित,शिव शंकर विश्वकर्मा, जगन्नाथ, रामाशंकर दीक्षितआदि लोगों का कहना है कि घर से बाहर सड़क पर निकलने पर महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। बच्चों को स्कूल वैन के घर तक न पहुंच पाने के कारण उनको स्कूल तक पहुंचाने में काफी देरी हो जाती है। जिस कारण स्कूल के अध्यापक और अभिभावकों में जहां आक्रोश है वहीं प्रत्येक दिन प्राचीन इतिहासिक आस्था का प्रतीक सिद्धेश्वर मंदिर पूजा अर्चना करने जाने वाले हजारों भक्तों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत भी नाराजगी जता चुके हैं। इस संबन्ध में जहां पूछे जाने पर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रेणुका यादव ने कहा जल निगम अधिकारी से कई बार कहा जा चुका इस का नगर पंचायत से कोई वास्ता नहीं है वहीं उपजिलाधिकारी अनिल कुमार ने पूछे जाने पर कहा कि देखो जल निगम वालों को बुलाकर बात करते हैं।

# यूपी के शातिर पेशेवर अपराधी की सम्पत्ति कुर्क

**सीतापुर।** जनपद के पिसावा थाने की पुलिस ने अपराधियों कृत्यों से अर्जित की गई यूपी के शातिर अपराधी की सम्पत्ति कुर्क कर ली गई है। यह कार्य आपराधिक कृत्यों से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण संबंधी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिसावां पुलिस द्वारा दिनांक 11.02.2025 को जिलाधिकारी सीतापुर के आदेश पर गोवध जैसे आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी संपत्ति को थाना महोली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 291/2024 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना



महोली सीतापुर के तहत जब्त/कुर्क करने की कार्यवाही की गयी है। मु0अ0सं0 291/24 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित 'अभियुक्त इमरान पुत्र इरफान नि0 उमरपुर थाना तिलहर, शाहजहांपुर एक अंतर्जनपदीय अपराधी है जो अपना एक संगठित गिरोह बनाकर अपने व अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से आर्थिक एवम् भौतिक लाभ हेतु गोवधध्गो-तस्करी जैसे अपराध करता है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी गोवधध्अवैध शस्त्रध्शराब तस्करी आदि के संबंध में करीब एक दर्जन अभियोग जनपद सीतापुर सहित जनपद शाहजहांपुर में पंजीकृत हैं।' अभियुक्त की आय का कोई ज्ञात स्त्रोत नहीं था, विवेचना के दौरान धारा 14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत विवेचक द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय को साक्ष्य संकलित करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की गयी। पुलिस द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा अभियुक्त उपरोक्त की अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने का आदेश निर्गत किया गया। जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में अभियुक्त उपरोक्त के एक अदद वाहन पिकअप डाला (कीमत 3,00000- तीन लाख रुपए) को पुलिस एवम् प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जब्तीकरण कुर्की की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

# रविदास जयन्ती पर बदले गये वाहनों के रूट



**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे में 12फरवरी 025 बुधवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर महमूदाबाद चैराहे पर स्थित रविदास मंदिर पर भव्य तरीके से मनाए जाने को लेकर विभिन्न मार्गो से आने जाने वाले वाहनों का क्षेत्र एवं कस्बे में मार्गों का डाइवर्जन किया गया है। यातायात निरीक्षक दक्षिणी विनोद कुमार यादव द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि डायवर्जन बुधवार को एक बजे दोपहर से लागू होगा लखनऊ से सीतापुर जाने वाले वाहन कस्बा सिधौली स्थिति महमूदाबाद चैराहे स अलादाद पुर तिराहे से मिश्रिख मार्ग होते हुए कल्ली चैराहे से सीतापुर जाएंगे। सीतापुर से आने वाले बड़े वाहन एवं छोटे वाहन कस्बा कमलापुर से मास्टर बाग होते हुए खमरिया चैराहे से नहर पटरी होते हुए कुमार गड्डी से लालपुर तिराहे से अटरिया होते हुए लखनऊ की तरफ जाएंगे। बिसवां की तरफ से आने वाले वाहनों को उक्त मार्ग से ही लखनऊ जाना होगा। महमूदाबाद से आने वाले वाहनों को लालपुर तिराहे से ही अटरिया होकर लखनऊ जाना पड़ेगा और मिश्रिख से आने वाले वाहनों को बाड़ी चैराहे से मनवा चैराहे होते हुए लखनऊ जायेंगे।

# आक्सीजन प्लाट खराब, आक्सीजन को लेकर मरीजों में मची मारामारी

**जिला अस्पताल की प्राणवायु पड़ी बीमार**

**सीतापुर।** जिला अस्पताल की प्राणवायु प्लाण्ट बीमार होने से गमभीर मरीजों की जान पर संकट आ गया है। सीएमएस की माने तो इस प्लाण्ट को दुरूस्त होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है हाई लेवल को लिखा पढ़ी कर दी गई है। जिला अस्पताल का आम्सीजन प्लाण्ट आये दिन खराब हो जाता है जो इस बात की ओर संकेत दे र हा है कि प्लाण्ट के रख रखाव में कहीं न कहीं लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब हो कि जिला अस्पताल में लगा ऑक्सीजन प्लांट रविवार रात अचानक ठप हो गया। इस वजह से चार वार्डों में भर्ती करीब 250 मरीजों की सांसों पर संकट गहरा गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को सिलिंडर के माध्यम से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। सोमवार को वार्डों में मरीजों की संख्या बढ़ने पर ऑक्सीजन सिलिंडर को लेकर मारामारी दिखी। इनमें सबसे ज्यादा दिक्कतें सांस रोग से पीड़ित मरीजों को उठानी पड़ी।कोरोना के समय पीएम केयर फंड से डीआरडीओ ने जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया था। देखरेख न होने से अक्सर यह काम करना बंद कर देता है। रविवार देर रात भी प्लांट अचानक बंद हो गया। बताया गया कि प्लांट में ऑक्सीजन नहीं बन पा रही है। इसके बाद मरीजों को सिलिंडर के सहारे ऑक्सीजन दी जा रही है।स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि अस्पताल में अधिकतर सिलिंडरों की ऑक्सीजन प्लांट से रिफिलिंग की जाती है। इनमें 5 से 10 सिलिंडर इमरजेंसी के लिए रिजर्व रखे जाते हैं। ऑक्सीजन प्लांट ठप होने से चिल्ड्रेन वार्ड, जिरियाट्रिक वार्ड व मेडिकल ए संग बी वार्ड में मरीज व तीमारदार परेशान नजर आए।

### गम्भीर मरीजों को आक्सीजन सिलेण्डरों का सहारा

जिला अस्पताल का आक्सीजन प्लाण्ट अचानक खराब होने से कुछ देर तक अस्पताल में अफसरा तफरी मची रही उसके गम्भीर मरीजों को सिलेण्डर के जरिये आक्सीजन दी जा रही है। जो मरीज गम्भीर है उनके बेड के पास आक्सीजन सिलेण्डर रखकर उनको आक्सीजन दी जा रही है। हर वार्ड में आक्सीजन सिलेण्डरों को व्यवस्था का दी गई है। अगर किसी वार्ड में कई मरीजो को आक्सीजन देनी होती है तो दूसरे वार्ड से सिलेण्डर मांग कर उनको आक्सीजन दी जाती है। जोर सोर के साथ प्लाण्ट को दुरूस्त करवाने के प्रयास किये जा रहे है।

डीआरडीओ को प्लांट सही करने के लिए पत्र लिखा गया है। उम्मीद है कि एक सप्ताह में प्लांट सही हो जाएगा।

## प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत को सशक्त बनाना - एडीओ

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** पंचायती राज विभाग के निर्देशन में विकासखंड रामपुर मथुरा के सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार ने ग्राम प्रधानों व सचिवों को ग्राम पंचायत के विकास के लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत को सशक्त बनाना, विकास कार्यों को प्रभावित मूल्यांकन करना, और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय जरूरत के अनुसार लागू करना प्रशिक्षण में शिक्षा, स्वास्थ्य ,स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, ऊर्जा प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल किया गया वही सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने कहा यह कार्यक्रम पंचायतो के समावेशी विकास और सुशासन को बढ़ावा देगा इस मौके पर अर्पित शुक्ला,विनीता,बबीता मिश्रा,श्रीप्रकाश वर्मा,कुमुद गुप्ता, कुलदीप मौर्य,सिराज अहमद सचिव विनोद यादव, रामस्वरूप भार्गव,अभिषेक कुमार,संजीव गुप्ता, लवकुश मौर्य आदि उपस्थिति रहे।

## जिला जज निर्देशन में सम्पन्न हुई बैठक

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना'' के निर्देशानुसार, अपर जिला जज,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वाराएक बैठक समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक की ''अध्यक्षता भगीरथ वर्मा,'' अपर जिला जज, पॉक्सो कोर्ट नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा की गयी। दिनांक-08.03.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका नगर पंचायतों के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।



# संत रविदास जयंती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि हर्षोल्लास पूर्वक मनाई

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद में दिनांक 11/02/2025 को संत रविदास जयंती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। वंदना सभा में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि :-

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था।

- उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था।

- उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं।

- दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था।

- अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे।

- 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में %भारतीय जनसंघ% की स्थापना हुई।

- 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे।

- अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था



कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है।

- पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी परंपराओं और जड़ों से जुड़े रहने के बावजूद समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी नवीन विचारों का सदैव स्वागत किया।

- उपाध्याय जी का कहना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है।

- सन् 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और मात्र 43 दिन बाद ही 10/11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई और इस सूचना से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई।

सन्त रविदास जयन्ती हर साल माघ पूर्णिमा पर मनाई जाती है। रविदास जी ने लिखा है रविदास जी को मीरा बाई ने अपना गुरु माना, उनके आमन्त्रण पर सभी सन्तो ने रविदास जी को अपमानित करने का प्रयास किया। तब रविदास जी अलग ही बैठे तो अन्य सन्तो को अपने आस पास रविदास जी ही दिखे तो सभी सन्तो ने रविदास जी से माफी माँगी।इस साल रविदास जयन्ती 12 फरवरी को है। रविदास जी की मन चङ्गा तो कठौती में गङ्गा वाली कहानी विस्तार से सुनाई। ये भक्ति आन्दोलन के प्रसिद्ध सन्त थे। उनका विश्वास था कि राम, कृष्ण, हरि, राघव आदि सब एक ही परमेश्वर के विविध नाम हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या बहनें एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय योजना कक्षा 6 व कक्षा-9 (सत्र 2025-26) हेतु प्रवेश परीक्षा

## 6 फरवरी 2025 को आयोजित

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** अटल आवासीय विद्यालय योजना कक्षा 6 व कक्षा-9 (सत्र 2025-26) हेतु प्रवेश परीक्षा अयोध्या मण्डल के अंतर्गत जनपद अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी व अंबेडकर नगर में अटल आवासीय विद्यालय समिति द्वारा अटल आवासीय विद्यालय अमराई गांव रुदौली, जनपद अयोध्या में प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरांत दिनांक 30 नंवबर 2024 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड में रजिस्ट्रेशन के उपरांत उसकी सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों एवं प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे ही पात्र होंगे।



पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन अयोध्या मण्डल के आवर्त जनपदों में होना अनिवार्य है। कोविड के कारण अनाथ बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु पात्र बच्चे आवेदन हेतु पात्र है। प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु दिनांक 16.फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले प्रदेश परीक्षा में कक्षा-06 में 140 (पुरुष 70 एवं महिला 70) व कक्षा 09 में 140 (पुरुष 70 एवं महिला 70) इसप्रकार कुल 280 छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु अयोध्या मण्डल के समस्त जनपदों में परीक्षा आयोजित होना है।

जनपद अयोध्या के छात्र-छात्राओं हेतु प्रवेश परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज नियर अयोध्या कैण्ट रेलवे स्टेशन, अयोध्या में आयोजित होना है। परीक्षा हेतु समय सारिणी कक्षा-06 हेतु 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे एवं कक्षा 09 हेतु प्रात: 11:00 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक होना प्रस्तावित है। इसके अलावा अयोध्या मण्डल के अंतर्गत अन्य जनपदों में अलग-अलग परीक्षा केंद निर्धारित किए गए है।

अयोध्या मण्डल के जनपद अयोध्या में कक्षा-06 हेतु कुल 265 एवं कक्षा-09 हेतु 140 इसप्रकार अयोध्या मण्डल के समस्त जनपदों के कुल मिलाकर कक्षा 06 के कुल 603 एवं कक्षा 09 के कुल 139 आवेदन फॉर्म श्रम प्रवर्तन अधिकारी के जांचोपरान्त पात्र पाये गए है।। दिनांक 16.02.2025 को आयोजित होने वाले प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र कार्यालय स्तर से एक प्रति पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किया जा चुका है। श्रमिक हित में अयोध्या मण्डल के प्रत्येक जनपदीय श्रम कार्यालय में प्रवेश पत्र वितरण का कार्य कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपील किया गया कि जिन छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फॉर्म भरे गए है एवं जांचोपरांत उनके आवेदन फॉर्म सही पाये गए हैं, वे सभी छात्र-छात्राएं अपने अभिभावक के साथ अपने-अपने जनपदीय श्रम कार्यालय में अपने-अपने आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर दिनांक 15.02.2025 के सायं तक प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें, ताकि अयोध्या मण्डल के प्रत्येक जनपदीय निर्धारित परीक्षा केंद्र में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा में प्रतिभाग कर सकें।

# दो युवकों का हुआ एक साथ हुआ अंतिम संस्कार, सभी के आंखे हुई नम...

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर**
**तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकर नगर ।** दिल को झकझोर देने वाली घटना में दो नौजवान युवकों की दर्दनाक मौत के बाद अंतिम संस्कार के समय परिजनों के कोहराम से माहौल गमगीन हो गया। बता दें कि रविवार देर रात बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे युवकों को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। बसखारी जलालपुर मार्ग पर नन्दापुर गांव के पास हुई इस दुर्घटना में शुभम पुत्र स्व अनिल कुमार, शुभम विश्वकर्मा पुत्र भगवान जी निवासी साहबतारा सुरहुरपुर रोड की मौत हो गई थी वहीं अभय निषाद पुत्र अशोक कुमार निवासी घसियारी टोला गंभीर रूप से घायल हो गया था,जिसका पीजीआई में इलाज



चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद आए घर पर युवकों के शव को देखकर लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।देवेश मिश्र ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों परिवारों के युवकों को सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। अंतिम संस्कार के समय भाजपा जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद, अमित मद्धेशिया , आदित्य गोयल, सीताराम अग्रहरि, हरिओम सोनी, सतनाम सिंह,सौरभ चौरसिया,मनीष सोनी,दीपचंद जायसवाल आदि ने घाट पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। दो साथी युवकों को जब मुखाग्नि दी गई तो माहौल बड़ा भावुक हो गया। युवकों के शव एक साथ देख मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार पांडेय कक्कू को मातृशोक

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद मुख्यालय के कोटवा महमदपुर निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार पाण्डेय कक्कू की मां श्रीमती भारती पाण्डेय का 96 वर्ष की अवस्था में आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनकी पुत्रवधू रंजना पाण्डेय अकबरपुर नगरपालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव कांग्रेस पार्टी से लडी थी। वे अपने पीछे अपना भरा-पूरा परिवार छोड गयी। उनके निधन की खबर से शोक की लहर फैल गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने दूरभाष पर शोक व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार पाल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मो अनीश खान,



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, पूर्व प्रदेश सचिव अमित जायसवाल, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष विश्वभान मिश्र मस्सू, रवीश शुक्ला, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा विजय शंकर तिवारी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामजन्म दुबे एडवोकेट, नौरात्तम तिवारी, सुखीलाल वर्मा, विशाल वर्मा, विकल्प मिश्र, चंद्रभान राजभर समेत अनेक कांग्रेसजन और जनपद के समाजसेवी जानकारी होने पर शोकसंतपत परिवार को सांत्वना देने उनके गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार में महादेवा घाट टांडा गये।

## जिलाधिकारी कार्यालय में जिला उज्ज्वला समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जिला उज्ज्वला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इंडेन 106, ।।क्क्ष्ट 17, क्चक्क्ष्ठ 50 कुल 173 लोगों ने कनेक्शन लेने के बाद अभी तक एक बार भी रिफिल नहीं कराया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एक बार भी रिफिल नहीं कराए, ऐसे लाभार्थियों को चिन्हित करके उनका केवाईसी करके क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें। यदि इस अवधि में ई केवाईसी कराते हैं तो कंपनी की तरफ से 22 दिन का कुल समय निर्धारित किया गया है। ऐसे लाभार्थी जो समय अवधि पूरा होने के बाद भी केवाईसी नहीं कराते हैं तो अंतिम चेतावनी देते हुए कनेक्शन रद्द कर दिया जाएगा।

# पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर ।** मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम जिला संयोजक जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले की बूथों पर एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया।पण्डित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें समर्पण राशि अर्पित किया।

भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने पण्डित दीन दयाल उपाध्याय समरसता दिवस पर पण्डित जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पण्डित जी का जन्म 25 सितम्बर1916 को हुआ था और वह 11 फरवरी 1968 को गोलोकवासी हो गए थे। पण्डित जी एकात्म मानववाद की विचारधारा के समर्थक थे।उन्होंने भारतीय जन संघ के समय में ही अंत्योदय का नारा दिया था। उसी से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के सबसे निचले स्तर पर अपना जीवन यापन कर रही है, उसके समृद्धि और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पण्डित ने द्वारा परिकल्पित एकात्म मानववाद



मानवता की नींव है, जो मनुष्यों के अपने परिवेश के साथ संतुलित एकीकरण पर जोर देता है। यह भौतिक और आध्यात्मिक आयामों को मान्यता देता है। सभी प्रकार के जीवन के बीच परस्पर निर्भरता और सह अस्तित्व का लक्ष्य रखता है।

पण्डित दीन दयाल उपाध्याय समरसता और समर्पण दिवस पर हुए कार्यक्रमों में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पाण्डेय,विधायक धर्म राज निषाद,नि.जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमा शंकर सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू,भारती सिंह,जिला उपाध्यक्ष डॉ राना रणधीर सिंह,मनोज मिश्र,रमेश चंद्र गुप्ता,सुमन पाण्डेय,रफत एजाज,डॉ रजनीश सिंह,विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,बाबा राम शब्द यादव,अमरेंद्र कांत सिंह,सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,ब्लाक प्रमुख संजय सिंह,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा,जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद, संजय सिंह, दीपक तिवारी, विनय पाण्डेय,पंकज वर्मा, सुनील पासवान,इंद्रेश निषाद, शाश्वत मिश्र,बजरंगी पाठक, संजीव मिश्र,नंद कुमार तिवारी राना,गौरव श्रीवास्तव, अरविंद सिंह डिंपू,शशि द्विवेदी, डॉ आनंद बहल,सभासद प्रदीप मिश्रा रिंकू,प्रिंस पाठक,अतुल वर्मा आदि शामिल रहे।

# सीतापुर की यातयात व्यवस्था पर दिखा महाकुंभ का असर

## व्यवस्थानुसार डायवर्ड की जायेगी सीतापुर की यातायात व्यवस्थ

**सीतापुर।** प्रयागराज के महाकुंभ का असर देश के कई राज्यों और महारनगरों पर पड़ रहा है। जिसका असर सीतापुर में दिखाई देने लगा है हालांकि महांकुभ की कुछ विशेष तिथियों पर नगर की यातायात में कुछ फेर बदल किया जाता है जिसमें भारी वाहनों को रूट बदले जा रहे है। अन्य यातायात की सभी व्यवस्था टीआई फरीद अमद ने व्यवस्थित कर रखी है। गौरतलब हो कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बढ़ती हुई भीड़ व सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने से जिले में पुलिस मुस्तैद हो गई है। हाईवे पर यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए तीन चिह्नित स्थानों पर भारी वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। दिल्ली जाने वाले के लिए जिले से नेशनल हाईवे गुजरा हुआ है। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि महाकुंभ में अचानक भीड़ बढ़ गई है। लंबा जाम लग रहा है। वहां से लौट रहे वाहनों के कारण सड़कों पर दबाव बढ़ा है। ऐसे में जिले से गुजरने वाले लोगों को जाम से बचाने के लिए तीन चिह्नित स्थानों पर रूट डायवर्जन किया गया है। बताया कि पहला डायवर्जन महोली, फिर शहर के पास गुजरा बिसवां तिराहा और सिधौली इलाका है। 12 फरवरी को देर रात दो बजे से 13 फरवरी की रात 11 बजे तक, 26 फरवरी को देर रात दो बजे से 27 फरवरी की रात 11 बजे तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। इसके तहत तीन चिह्नित स्थानों पर छह-छह पुलिसकर्मियों को 12-12 घंटे की शिफ्ट के हिसाब से तैनात किया जाएगा। पुलिसकर्मी भारी वाहनों को बदले हुए मार्गों से गुजारेंगे। महांकुभ का सीतापुर यातायात व्यवस्था पर कोई विशेष फर्क नही पड़ रहा है एतियात के तौर पर कुछ विशेष तिथियों पर जब कुंभ में काफी भीड़ होती है तो भारी वाहनों के रूट बदल दिये जाते है।

## हत्या के आरोपी की अवैध संपत्तियों पर चलेगा बुलडोजर

# आरोपी अर्पित ने सट्टेबाजी से अर्जित की है अकूत संपत्ति, आय-व्यय का ब्योरा खंगाल रही पुलिस

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** कैंट कोतवाली क्षेत्र के बनबीरपुर में थार से कुचलकर हुई हत्याओं के आरोपी अर्पित दुबे की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चल सकता है। सट्टेबाजी के बल पर अर्जित की गई अकूत संपत्तियों का ब्योरा पुलिस खंगाल रही है। उसके बैंक खातों का विवरण जुटाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बनबीरपुर निवासी कप्तान सिंह उर्फ रवींद्र व आलोक सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी अर्पित दुबे के पिता कचहरी में मुंशी हैं। सामान्य परिवार में जन्में अर्पित को शुरू से ही आलीशान जिंदगी गुजारने का शौक था। कम समय में तरक्की की चाह में उसने गलत रास्ते को चुना और सट्टेबाजी की काली दुनिया में एंट्री की। इसके दम पर वह लगभग आठ-नौ साल में ही अकूत संपत्तियों का मालिक हो गया। पैसों के दम पर उसने गांव के बाहर कई गुर्गे पाल रखे थे, जिन्हें



उससे मोटी रकम मिलती थी। इन्हीं गुर्गों के सहारे वह सट्टे में काफी कुछ गंवाने वालों को डरा-धमकाकर उनकी जमीनों पर भी नजर रखता था।

कम समय में अकूत संपत्तियां अर्जित करने के साथ ही उसका रौब और रुतबा बढ़ता गया। गांव के लोगों से तनातनी रहती थी। इस बीच उसके ऊपर सट्टेबाजी से संबंधित मुकदमे भी दर्ज हुए। पुलिस के अनुसार अपराध जगत से काली कमाई करके थार खरीदी थी। इसके अलावा उसके पास दो अन्य चार पहिया वाहन भी होने का दावा किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कैंट पंकज सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपराध जगत से काफी संपत्ति बनाई है। आरोप पत्र दाखिल करने के बाद गैंगेस्टर की कार्यवाही के दौरान समस्त संपत्तियों का आकलन किया जाएगा। फिलहाल आरोपी के पास एक मकान व दो कार के अलावा कीमती जमीनें होने की भी जानकारी मिली है। वहीं, सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की अवैध संपत्तियों पर निश्चित तौर से बुलडोजर चलाया जाएगा। इसके लिए सारी जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही कार्रवाई होगी।

# वार्ड नंबर सात से गीता निर्विरोध निर्वाचित, गांव में खुशी का माहौल

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय विकास खंड के बिही निदुरा ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर सात से गीता निर्विरोध निर्वाचित हुईं। खास बात यह रही कि इस चुनाव में किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया,जिससे गीता की जीत पहले से ही तय हो गई। उनके निर्विरोध चुने जाने पर पूरे गांव में हर्ष का माहौल बना हुआ है।प्रधान समर्थकों में उत्साह देखा गया,वहीं प्रधानी चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने वाले कई दावेदार इस बार पूरी तरह नदारद रहे, जो ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।निर्वाचन के बाद गीता ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे गांव के विकास और जनता की भलाई के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी।इस अवसर पर प्रधान श्रीपाल पासी, मोहम्मद शरीफ, दयाराम,



मोहम्मद हलीम, कैलाश, विजय सिंह, राम सहाय, शेरबहादुर, जगई, अमर, समर बहादुर, जग प्रसाद, राम दयाल, अयूब, झब्बर, सरवन, भीमसेन, सलिकराम, बेचूलाल, अयोध्या, शिवराम, सीताराम, शिवशंकर, सूर्यनारायण व पवन कुमार सहित कई ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और गीता को शुभकामनाएं दीं।

# मथुरा में स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने रचा सजा कराने का इतिहास

## चार फांसी, 50 से अधिक आजीवन कारावास, तीन सौ से अधिक केसों में त्वरित कराए निर्णय

### देश की नंबर वन सरकारी अधिवक्ता बनी अलका उपमन्यु

### कैदी ही नहीं ब्रजबासी बोलते हैं फांसी बाली मैडम

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सरकार की संतुति पर उत्तर प्रदेश शासन की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन द्वारा नियुक्त मथुरा में पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट द्वारा अपने सवा चार साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय कराकर देश की पहली सरकारी अधिवक्ता के वन गयी है, जेल के कैदी ही नहीं अब तो बृजवासी भी उन्हें फांसी वाली मैडम बोलने लगे हैं।

डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने अपने सवा चार साल के कार्यकाल के अंदर ऐतिहासिक निर्णय कराए है, इसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख गृह सचिव एवं डीजीपी द्वारा पुलिस मेडल एवं प्रशस्ति पत्र तथा अभियोजन विभाग के डीजीपी, एवं कमिश्नर अपर पुलिस महानिदेशक डीआईजी डी एम द्वारा प्रशस्ति पत्र भी देकर उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी की है, यही नहीं उन्हें लगातार दो बार से गणतंत्र दिवस की परेड में सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया है वहीं जिले की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य की प्रशंसा की गई है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पद पर तैनात श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने एक फांसी की सजा घटित घटना के कोर्ट के 22 वे वर्किंग डे में दूसरी फांसी की सजा 35 दिन में और तीसरी फांसी की सजा 42 दिन में और चौथी फांसी की सजा 14 महीने में कराई है जो देशभर में अभियोजन विभाग में एक इतिहास है यही नहीं 50 से अधिक घटनाओं में अपराधियों को आजीवन की सजा अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा कराई तथा जो लोग पहले रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं और फिर समझौता कर लेते हैं और कोर्ट में आकर अपने बयान से मुकर जाते हैं ऐसे ढाई सौ से अधिक केसों में 22 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत जुर्माना आदि की सजा करा कर सरकार को लाखों का राजस्व जमा कराया है।

### कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन मैंने हार नहीं मानी

मथुरा के पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पद पर तैनात श्रीमती अलका उपमन्यु ने अपने सवा चार साल के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने चार मामली में दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई, जिनमें से एक फैसले को जहां उन्होंने मात्र 22 कार्य दिवसों में सुनिश्चित किया, वहीं 32 दिन में दूसरी 42 दिन में तीसरी और 14 महीने में चौथी फांसी की सजा दिलाई। इसके अलावा उन्होंने 50 से अधिक मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाई, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि वे अपनी अंतिम सास तक जेल में ही रहे। उन्होंने 250 से अधिक मामलों में, जहां पीड़ित पक्ष पहले रिपोर्ट दर्ज करवाकर समाहौता करने की कोशिश पर 22 पॉक्सो एक्ट के तहत सजा और जुर्माने को सुनिश्चित किया, जिससे सरकार को लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

# मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित अन्नपूर्णा भवन का हुआ उद्धाटन

### अन्नपूर्णा भवन उद्धाटन होने से ग्रामीणों को राशन लेने में हुई सुविधा! संतोष कुमार चौरसिया*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी



**बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को स्थाई रूप से गोदाम देने को लेकर सरकार ने अन्नपूर्णा गोदाम के निर्माण की पहल की है करीब तीन वर्ष बाद तैयार सिद्धौर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीरापुर में अन्नपूर्णा भवन का सोमवार हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत व रसद खाद एवं राज्य मंत्री प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मिली जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीरापुर प्रधान संतोष कुमार चौरसिया के अर्थक प्रयास से सरकार द्वारा करीब 3 साल पहले मनरेगा कन्वर्जन वा पंचायत निधि से अन्नपूर्णा भवन के निर्माण योजना आई थी। मगर बीच में इसके मनरेगा कन्वर्जन वा पंचायत निधि से निर्माण को लेकर स्पष्ट निर्देश नहीं मिले थे। इसके बाद लंबे समय तक निर्माण कार्य बाधित रहा शासन से मिले आदेशों के आधार पर पुन: निर्माण मीरापुर प्रधान संतोष कुमार चौरसिया द्वारा शुरू करवाया गया।इसके बाद पूरी तरह बनकर तैयार होने पर सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत व रसद एवं खाद्य राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी तथा बी डी ओ पूजा गुप्ता (सिद्धौर ब्लॉक)ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन करते हुए सरकार की योजनाओं का बखान किया। इसकी चाबी कोटेदार को सौंपी गई है। इस मौके पर सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत,जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार जायसवाल,प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा गुड्डू भैया, ग्राम पंचायत मीरापुर प्रधान संतोष कुमार चौरसिया, राकेश पाठक कोटेदार सहित ग्रामवासी लोग मौजूद रहे

# भाजपा मण्डल बिजुरी न दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को समर्पण के रूप में मनाया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट



**बिजुरी।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष कहे जाने वाले पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समूचे देशभर में समर्पण दिवस के रुप में मनाया जाता है। आदिवासी बाहुल्य अनूपपुर जिलाक्षेत्र के कोयलांचल नगरी बिजुरी में भी इसकी झलक देखी गयी। जहां वार्ड क्रमांक 13 स्थित रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष रिंकू शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर, दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पार्पित किया एवं उनके जीवन चरित्र का वर्णन कर विचारों को भी याद किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश जैन, पूर्व भाजपा जिलामंत्री पुरुषोत्तम देवानी, के.पी. शुक्ला, भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्षा कलावती रामसिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोषी सिंह, मितेश मित्तल, कैलाश कोल, चंद्रिका चंद्रा, शम्भू साहू, प्रकाश महरा, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अनूप तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अब्दुल अजीज, अनुसूचित जाति मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष राजा महरा, राधा विश्वकर्मा, संजू मिश्रा, जगदीश केवट, अजीत सिसोदिया, सुनील पासी, राजा उर्मलिया, सेवाशंकर पटेल, अजीत सिसोदिया, संजय साहू, संतोष प्रजापति सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भारतीय राष्ट्रवाद हिन्दू राष्ट्रवाद है एवं भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है-** 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में जन्मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आकर आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अध्यक्षता में जब भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई उसके कुछ महीने बाद 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में आयोजित हुआ और दीनदयाल उपाध्याय को इस दल का महामंत्री बनाया गया। 1967 तक वह भारतीय जनसंघ के महामंत्री बने रहे। अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अगर हम एकता चाहते हैं तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिंदू संस्कृति है।

भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग को बदलने का समर्थ रखती है-पण्डित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग को बदलने का सामर्थ्य रखती है, कोई भी देशी अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है। इसलिए हमें अपनी जड़ों से ही जुड़कर रहना चाहिए। सन 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जन संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और मात्र 43 दिन बाद ही 10/11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी परंपराओं और जड़ों से जुड़े रहने के बावजूद समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी नवीन विचारों का सदैव स्वागत किया था। यही कारण है कि आज भी देश के करोड़ों युवा उन्हे अपना आदर्श मानकर उनके विचारों को जीवन में आत्मसार करते हैं।

# श्रीकृष्णैश्वर काली भक्त मंडल ने आयोजित किया 11वां पाटोत्सव

### शत चंडी महायज्ञ 56 भोग फूल बंगला एवं जागरण सम्पन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** शहर के अंतापाडा स्थित श्रीकृष्ण काली मंदिर पर 11वां पाटोत्सव आयोजित किया गया। बीती 2 फरवरी से 10 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। इस दौरान शत चंडी महायज्ञ 56 भोग फूल बंगला एवं देवी जागरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है जिसमें श्रद्धालु भक्त भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं।

कार्यक्रम को लेकर आयोजक मंडल के सदस्य पं मनीष शर्मा पं तुषार शर्मा ने बताया है कि 2 फरवरी को घटस्थापना गणपति मात्रका पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसकी पूर्णाहुति 7 फरवरी को की गई। सोमवार को मां भगवती का पंचामृत अभिषेक चुनरी मनोरथ श्रृंगार एवं छप्पन भोग धराया गया शाम को मां भगवती की विशाल आरती और महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें काफी बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया रात्रि में माता का गुणगान किया गया।

# जल भराव की समस्या को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) ने किया तहसील का घेराव

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)



**आगरा–** जनपद आगरा के तहसील किरावली के विकासखंड अछनेरा के गांव खड़वाई में तालाब के उफान से पीड़ित लगभग 50 परिवारों के घरों की रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाती है और रुनकता से किरावली जाने वाले समस्त राहगीरों को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ता है लेकिन पी डब्लू डी विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है इसी बात से नाराज भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) ने ग्रामीणों और राहगीरों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज दिनांक 11/02/2025 को तहसील किरावली को घेरकर संशय का समाधान करने की मांग की और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने लगे तब अधिकारियों ने संशय को गंभीरता से लेते हुए सभी जनसेवकों और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस संशय का समाधान किया जाएगा

# डीएम ने मरोरी विकासखंड का किया निरीक्षण

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम



पीलीभीत जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मरोरी विकासखंड कार्यालय का ओचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों की गहन समीक्षा की और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गुजरात अधिकारी ने सर्वप्रथम कार्यालय की उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया जिसमें खंड विकास अधिकारी पटल सहायक और अन्य कर्मचारी उपस्थित पाए गएउन्होंने अवकाश, पंजिका गार्ड फाइल सेवा पुस्तिका जीपीएफ पासबुक टेंडर बिक्री पंजीका और ग्रांट रजिस्टर शाहित विभिन्न महत्वपूर्ण दस्टेबाजों की जांच की निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी से क्षेत्र में निर्मित शौचालयो के सत्यापन की जानकारी ली गई

वरिष्ठ सहायक राम सिंह को अभिलिखो के उचित रख रखाव और नियमित साफ सफाई सुरक्षित करने के निर्देश दिएकार्यालय परिसर में गंदगी की स्थिति देखकर जिलाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्ति की और तत्काल सफाई करने के आदेश दिए इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी परियोजना निदेशक और अन्य ब्रिस्ट अधिकारी भी मौजूद रहे

# बीबीके डी ए वी कॉलेज फॉर विमेन, अमृतसर ने 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ एक्शन रिसर्च संस्थान पुरस्कार सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब



बी बी के डी ए वी कॉलेज फॉर विमेन, अमृतसर को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत पंजीकृत एक संगठन नेशनल एडुट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा 2024-25 का प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ एक्शन रिसर्च संस्थान का पुरस्कार दिया गया है। कॉलेज को उद्यमशीलता शिक्षा और कौशल विकास के लिए अपने असाधारण योगदान के लिए मान्यता दी गई, जिसने पंजाब और उसके बाहर उत्कृष्टता के लिए एक मानदण्ड स्थापित किया है।

कौशल-से-उद्यमिता कार्यक्रम 2024-25 के एक व्यापक केस स्टडी के आधार पर कॉलेज ने पंजाब में 95/100 का उत्कृष्ट अंक हासिल किए। इस केस स्टडी ने कॉलेज के नवाचार अनुसंधान व्यापक योगदान पर प्रकाश डाला एवं इसके अनुसंधान और उद्यमिता और कौशल विकास पर ठोस प्रभाव को प्रदर्शित किया। नेशनल एडुट्रस्ट ऑफ इंडिया के सी ई ओ श्री समर्थ शर्मा द्वारा प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया ने कहा कि यह पुरस्कार छात्राओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने में हमारे संकाय के समर्पण और सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि संस्थान आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और मानसिकता से युवा ज्ञान को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नेशनल एडुट्रस्ट ऑफ इंडिया के सीईओ श्री समर्थ शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ एक्शन रिसर्च संस्थान 2024-25 का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल करने पर कॉलेज की पूरी टीम को बधाई दी।

पुरस्कार समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. पुष्पिंदर वालिया, डॉ. रमेश आर्य, (उप प्रधान, डी ए वी मनैजिग कमेटी) श्री समर्थ शर्मा और नोडल अधिकारी डॉ. निधि अग्रवाल और सुश्री सुरभि सेठी ने नेशनल एडुट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा कॉलेज को प्रदान की गई परियोजना इंटीग्रेटेड इंडियन नॉलेज सिस्टम (आई के एस) इन टू हायर एजुकेशन थ्रू द वृन्दावन एक्सपीरियंस प्रोजैक्ट के पोस्टर का विमोचन किया।

# मजदूर की मौत पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) ने आर्थिक सहायता के लिए किया धरना प्रदर्शन

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)



**आगरा।** आगरा के शास्त्रीपुरम में जीवन कंस्ट्रक्शन कंपनी में मजदूरी करते समय एक मजदूर की करीब 4 मंजिल ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई और हैरान करने वाली बात ये है कि ये मौत दिनांक 09 फरवरी 2025 शाम करीब 4 बजे हुई और आज दिनांक 11 फरवरी 2025 तक मजदूर यूं हीं पड़ा रहा जिस पर कोई ध्यान न देते हुए किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की गई ,तब दिनांक 11 फरवरी 2025 समय करीब 12 बजे शहर में मजदूरों के मसीहा बने भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के सभी पदाधिकारी मौके पर पहुंचे जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चौ पुष्पेंद्र सिंह, व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज सिंह सिकरवार जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामबहोरी सिंह सिकरवार जी,जिला अध्यक्ष श्री सुरहपाल सिंह जी , सुश्री दीक्षा शर्मा, श्री मती मंजू परमार जी, एवं अन्य पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए मारने वाले मजदूर सुरेश यादव पुत्र श्री रामसेवक यादव उम्र करीब 33 वर्ष, निवासी जिला सोनभद्र , दूधी थाना , आगरा में जीवन कंस्ट्रक्शन कंपनी में मजदूरी करता था जिसके 3 लड़की और एक लड़का है उसके जीवन यापन के लिए सहायता राशि की मांग की तब भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के पदाधिकारियों और प्रशासन की उपस्थिति में कंपनी मालिक और मृतक के परिजनों के बीच सहमति हुई और 3 लाख रुपए सहायता राशि के रूप में प्रदान किए जाने की बात कही और तब भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) ने अपना धरना समाप्त करते हुए परिवारजनों को हमेशा मदद का भरोसा दिया

# मदर इंडिया इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## डीआईओएस व बीएसए ने छात्र-छात्राओ को पुरुस्कार देकर किया उत्साह वर्धन

**गणेश वर्मा - ब्यूरो चीफ कौशाम्बी - केसरिया हिंदुस्तान**

**कौशाम्बी।** करारी कस्बे के नेता नगर मोहल्ला स्थित मदर इंडिया इण्टर कॉलेज में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं 12वीं के छात्र /छात्राओं का बिदाई समारोह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीआईओएस एवं विशिष्ट अतिथि बीएसए रहे।कॉलेज के छात्र /छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि डीआईओएस सच्चिदानंद यादव ने मंच के माध्यम से परिसर में मौजूद हजारों छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए गुरु मंत्र दिया।उन्होंने बताया की सपने सबसे बड़ी प्रेरणा होने चाहिए। उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें।ज्ञान की कोई सीमा नहीं है। हमेशा नई चीजें सीखने के लिए तैयार रहें और अपने ज्ञान को बढ़ाते रहें। सफलता रातों-रात नहीं मिलती।अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए धैर्य रखें और कभी हार न मानें।आपको अपने आप पर विश्वास रखना चाहिए।आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। माता-पिता और शिक्षक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सम्मान करें और उनकी सलाह का पालन करें। स्वास्थ्य जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और नियमित व्यायाम करें। इसके बाद डीआईओएस सच्चिदानंद यादव ने छात्र छात्राओं को कविता सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर प्रशंसा किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य सैयद सरफराज हुसैन और प्रबंधक शमीमुल हसन ने डीआईओएस को मेंटो देकर सम्मानित किया। डीआईओएस सच्चिदानंद यादव ने यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छा अंक लाने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार और मेडल देकर उत्साह वर्धन किया।

इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने छात्र छात्राओं को प्रेरणा देते हुए अपने संबोधन में कहा की यदि छात्र, छात्रा सकारात्मक दिशा में प्रयास करेगा तो वह लक्ष्य की प्राप्ति जरूर करेगा। सबसे शानदार भविष्य छात्र जीवन होता है। यही उम्र होती है बनने और बिगड़ने की।लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रात दिन पढ़ाई में ध्यान देना होता है। उन्होंने बच्चों को अपने छात्र जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।छात्र जीवन चुनौतियों ने भरा पड़ा रहता है। इस चुनौती से डरना नहीं है बल्कि डटकर मुकाबला करना होता है। तभी जाकर लक्ष्य की प्राप्ति होती है।विद्यालय के प्रधानाचार्य सैयद सरफराज हुसैन ने बीएसए को मंटो देकर उनको सम्मानित किया साथ ही विद्यालय आगमन पर आभार व्यक्त किया।



इसके बाद, छात्रों ने दर्जन भर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंशिका, महिमा, अदीबा, फ़रीजा, राफिया ने वेलकम डांस के माध्यम से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इमदाद, लैबा, यशिका, इनायत ने मम्मा स्कूल नहीं जाना नाट्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इकरार, बुशरा, आकाश ने सोशल मीडिया ड्रामा व पारुल, अमृता, सुमन ने नगाड़ा डांस के माध्यम से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। जोहा, कनीज, खुशनूद ने बड़ा दुश्मन बना फिरता है, अंकित, मोहित ने लेजी ब्वॉय डांस पेश किया। छात्राओं ने फैशन शो, फेयरवेल मिक्स सॉन्ग्स, कल्चर डांस पेश किया। छात्राओं ने नशा मुक्ति पर नाटक पेश कर लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा छात्र छात्राओं ने सरासर डांस, स्कूल लाइफ ड्रामा, कॉमेडी डांस व कॉलेज की लड़कियां गीत, नृत्य व नाटक के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर दिया।

इसके अलावा, कॉलेज के 12वीं कक्षा के छात्रों को फेयरवेल पार्टी दी गई उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। छात्रों ने इस अवसर पर अपने शिक्षकों और साथियों को धन्यवाद दिया और अपने अनुभवों को साझा किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सैयद सरफराज हुसैन ने परिसर में बैठे सभी लोगों को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा की यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। क्योंकि यहाँ हमारे पिछले कई वर्ष की उपलब्धियों, संघर्षों और सफलता की ओर देखने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही, यह हमें अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। सबसे पहले, मैं अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने हमें सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उनके समर्पण और ज्ञान के लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। और मुझे याद है जब ये विघालय का आरम्भ किया था जो सन 1988 में जब ये विधालय खोला गया था तब मेरे साथ या कहिए मेरा हम कदम बन कर मेरे अध्यापक जो आज भी मेरे साथ है जैसे देवलाल सर, हारी शंकर सर, धारा सिंह सर, आरबी अम्बेकर सर, राकेश कुमार सर, इश्तियाक अहमद सर जैसे अध्यापको ने मेरा साथ दिया और कई अभिभावकों ने मेरा साथ दिया मैं उन सबको धन्यवाद देता हूँ और आज भी मेरे साथ मेरे अध्यापक और सभी स्टाफ है और मै ये आशा करता हूँ कि वो आगे भी मेरे साथ रहेगे और इस विधालय को और ऊँचाई पर ले जाएगे मुझे ये गर्व है की आप सब इस संस्था का एक हिस्सा है और साथ ही साथ आज कक्षा 12 के छात्र छात्राओं की विदाई भी है मगर मेरे पयारे बच्चों ये आपकी यह पहली सीढ़ी है और आप सभी को इसको पार करना है बल्कि आप एक नए सफर की शुरुवात करेगे हो सकता है की कुछ बच्चे यूपी एससी, जेई, नीट जैसी एन डी ए और बहुत से ऐसे कम्प्टीशन में भाग होंगे और अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम रोशन करेगे। अब हम आपको अलविदा कहते और हमे उन सभी शानदार और मजेदार यादों की याद आती है जो हमने सालों आप सभी के साथ मिलकर बिताये है हमे आपको जाते हुए देखकर दुख हो रहा है लेकिन हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं,कि जीवन अपको आगे कहाँ ले जाता है हमारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद और आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ और सभी कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को वर्ष 2025 की परीक्षा में अच्छे से अच्छा अंक प्राप्त करने हेतु सभी बच्चों के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि सभी बच्चे अच्छे अंको के साथ उत्तीण हों। और अपने परिवारों और अपने माता पिता का नाम रोशन करें इन्ही शब्दों के साथ मैं विदा लेता हूँ।

कार्यक्रम के अंत में,अध्यापकों द्वारा छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।यह कार्यक्रम एक यादगार और आनंदमयी अनुभव था। कॉलेज के छात्र और शिक्षक हमेशा याद रखेंगे। इस मौके पर करारी नगर अध्यक्ष शमशाद बख्श, उप निरीक्षक कंचन कुमारी, अंगद कुशवाहा, हुसैन मेहंदी, उजैर मेहंदी,अजदार हुसैन, ज्ञान चंद, राकेश सरोज, बृजेश, प्रदीप अग्रहरि, अंकुर,सैकड़ो की संख्या में बच्चों के अभिभावक, और हजारों छात्र - छात्राऐं सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# फीता काटकर स्वतंत्र प्रभार मंत्री माननीय श्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**केसरिया हिन्दुस्तान**

विकासखंड सलोन जनपद रायबरेली के रउजा ग्राउंड कालू जलालपुर में कमला देवी मेमोरियल क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 का स्वतंत्र प्रभार मंत्री माननीय श्री दिनेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन मंत्री जी ने फील्ड पर पहुंचकर बैटिंग करते हुए पहली वाल को खेल कर मैच का किया उद्घाटन इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक युवा समाजसेवी युवा दिलों की धड़कन श्री अमित विक्रम सिंह भदौरिया रामपुर कसिहा मौजूद रहे इस टूर्नामेंट के आयोजन को लेक स्वतंत्र प्रभार मंत्री माननीय श्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने श्री अमित विक्रम सिंह भदौरिया को खूब सराहा तथा इस टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक युवा होनहार एवं एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में श्री शिवम सिंह भदौरिया रामपुर कसिहा मौजूद रहे वही शिवम सिंह भदौरिया ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीम में भाग ले रही हैं जो मैच आज खेले जाएंगे उनमें से एक टीम करहिया कोर्ट की है और



दूसरी टीम साहिबगंज की है इस कार्यक्रम में स्वतंत्र प्रभार मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने खिलाड़ियों की बढ़ती ऊर्जा को देखते हुए क्षेत्र में एक खेल का मैदान बनवाने की बात कही वही इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुंवर श्री चंद्र प्रताप सिंह राजा करहिया कोर्ट एवं युवा दिलों की धड़कन युवा समाजसेवी एवं टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक श्री अमित विक्रम सिंह भदौरिया ने मंत्री जी से क्षेत्र में एक खेल के मैदान को बनवाने की बात कही जिस पर मंत्री जी ने कहा कि आप लोग कहीं एक अच्छी जगह बताइए जहां पर हम खेल का मैदान सरकार से कहकर बनवाएंगे टूर्नामेंट के संयोजक श्री शिवम सिंह भदौरिया इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ढेर सारे ग्राम प्रधान रहे मौजूद इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर सिंह ग्राम पंचायत सिरसिरा ग्राम प्रधान नागेंद्र सिंह रतासों पूर्व ग्राम प्रधान राधेश्याम शुक्ल कमालुद्दीनपुर ग्राम प्रधान अमित पासी ग्राम प्रधान श्री अंजनी यादव भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी जी ग्राम प्रधान रामकुमार जायसवाल रग्घुपुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# युवक को मारपीट कर किया घायल

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत**- बीसलपुर। नाली की कीचड़ घर के सामने डालने का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर हीरा निवासी द्वारिका प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके यहां घर पर 13 जनवरी को कथा भंडारे का कार्यक्रम है। जिसको लेकर साफ सफाई चल रही है। पीड़ित बर्तन लेने टेंट की दुकान पर गया था। इसी बीच घर के सामने माखनलाल पुत्र कुंवरसेन ने नाली की कीचड़ निकाल कर घर के सामने डाल दी। मना करने पर गाली गलौज करने लगा और घर जाकर अपने साथी दयाशंकर, अमरपाल, प्रेमपाल, कुंवरसेन ने एक राय होकर लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दयाशंकर, अमरपाल, प्रेमपाल, कुंवरसेन निवासी दौलतपुर हीरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# फुलकारी महिला संगठन ने कॉन्कर कैंसर मेगा इवेंट में 'निर्मया शक्ति कार्यक्रम' की शुरुआत की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**

अमृतसर की फुलकारी महिलाओं ने बहुप्रतीक्षित और लंबे समय से प्रतीक्षित निर्मया शक्ति कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी, आईएएस और अमृतसर की सिविल सर्जन डॉ. किरणदीप कौर के पूर्ण सहयोग से चलाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर सीमावर्ती गांवों की महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह प्रशिक्षण फुलकारी महिला संगठन की कॉन्कर कैंसर टीम द्वारा दिया जाएगा।

निर्मया शक्ति कार्यक्रम की शुरुआत इस घातक बीमारी से लड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च समारोह के बाद कॉन्कर कैंसर टीम द्वारा एक जागरूकता सत्र, एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। यह बीबीके डीएवी कॉलेज फॉर



विमेन के सहयोग से बीबीके डीएवी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों तथा फुलकारी डब्ल्यूओए के सदस्यों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था। इस ज्ञानवर्धक सत्र का उद्देश्य इस घातक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। भारत में महिलाओं में कैंसर से संबंधित मौतों के प्रमुख कारणों में से एक सर्वाइकल कैंसर है। चूंकि नियमित जांच और टीकाकरण से इसे रोका जा सकता है, इसलिए इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जोखिम कारकों और उपलब्ध निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना था। कैंसर पर विजय पाने की कठिन यात्रा में, फुलकारी डब्ल्यूओए ने अब तक 153 जागरूकता सत्र, 13 जांच शिविर, 6,00,000 लोगों को शिक्षित, 1300 महिलाओं की जांच और 452 लड़कियों का टीकाकरण किया है।

इस कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस अभियान की अगुआई करते हुए फुलकारी ड्ढह्र के सदस्य, जिनमें निधि सिंधवानी संयुक्त अध्यक्ष फुलकारी कॉन्कर कैंसर प्रोग्राम, प्रणीत बुब्बर संस्थापक फुलकारी ड्ढह्र अध्यक्ष और संयुक्त अध्यक्ष, शीतल सोहल अध्यक्ष फुलकारी ड्ढह्र, मीनाक्षी खन्ना आगामी अध्यक्ष फुलकारी ड्ढह्र, प्रियंका गोयल विशेष सलाहकार फुलकारी ड्ढह्र परोपकारी कार्यक्रम, रजनी बजाज कार्यक्रम प्रमुख फुलकारी ड्ढह्र डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम, डॉ रश्मि विज कार्यक्रम प्रमुख और सलाहकार फुलकारी ड्ढह्र कॉन्कर कैंसर प्रोग्राम, नीरू गुप्ता कार्यक्रम प्रमुख फुलकारी ड्ढह्र कॉन्कर कैंसर प्रोग्राम और गायत्री खन्ना समन्वयक फुलकारी ड्ढह्र कॉन्कर कैंसर प्रोग्राम कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर कई प्रबंध और कार्यकारी सदस्य मौजूद थे। इन सत्रों के पीछे अंतिम उद्देश्य समुदायों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बारे में शिक्षित करना, जांच की सुविधा प्रदान करना और इसकी रोकथाम और उपचार के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है।

# पीयूष गोयल जी से लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधि मंडल करेगा मुलाकात

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**

उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे अंशुल अग्रवाल लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व में 12 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल 12-02-2025 को श्री पीयूष जी गोयल, माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, जी के साथ दिल्ली में मुलाकात करेगा जिसमें लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश मुरादाबाद-इकाई से अध्यक्ष श्री अंशुल अग्रवाल जी भी सम्मलित होंगें । जिसमें निर्यातकों की समस्याओं से अवगत करायेगें।



1. हस्तशिल्प निर्यातकों को राहत प्रदान करने और उन्हें वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने में मदद करने के लिए, प्री और पोस्ट शिपमेंट रुपया निर्यात क्रेडिट पर ब्याज समानीकरण योजना को ईआईओएम के संदर्भ में,

2. एसईजेड मुरादाबाद को अधिसूचना रद्द (छ्वद्धहृञ्जद्धस्न्ड्ड) औद्योगिक क्षेत्र का अभाव हम लघु उद्योग भारती मुरादाबाद इकाई कि ओर से यह सुझाव प्रेक्षित करना चाहते हैं कि यह स्र्स्ढ्ढ की अधिसूचना रद्द (छ्वद्धहृञ्जद्धस्न्ड्ड) कर दी जाये तो हमारे पास एक विकसित औद्योगिक क्षेत्र उपलब्ध हो जायेगा। इससे न केवल जिले को एक लगभग 175 एकड़ का विकसित औद्योगिक क्षेत्र मिल जायेगा और क्रद्बठ्ठ को राजस्व के साथ साथ नए रोजगार की संभावनाएं भी उत्पन्न होंगी। के संदर्भ में, 3. आयकर अधिनियम, 1961 के नए सम्मिलित प्रावधानों को आसान बनाने के सन्दर्भ में, महोदय, हस्तशिल्प निर्यात के व्यापार में, विदेशी खरीदार आमतौर पर मामले-दर-मामले के आधार पर 60 से 120 दिनों की क्रेडिट अवधि की मांग करते हैं। इसके अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक निर्यात की तारीख से 9 महीने के भीतर निर्यात आय का एहसास करने की भी अनुमति देता है। दिए गए परिदृश्य में, 15/45 दिनों के भीतर आवक आपूर्ति का भुगतान करना उद्योग के लिए एक वास्तविक कठिनाई होगी क्योंकि विदेशी भुगतान कार्यक्रम विदेशी खरीदारों के साथ पूर्वनिर्धारित हैं और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस युग में इन्हें बदला नहीं जा सकता है। कोविड-19 के बाद, हस्तशिल्प उद्योग के निर्यात व्यवसाय में गिरावट का रुझान था, और इस दिन और युग में, उद्योग वैश्विक गृह युद्धों से काफी प्रभावित हुआ है। इन स्थितियों के परिणामस्वरूप हस्तशिल्प उद्योग के भविष्य के व्यवसाय को सुरक्षित करने में प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न हो रही है।

# नलखेड़ा मंडल के समस्त मतदान केदो पर मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली**

**सुसनेर** // भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा जानकारी देकर बताया कि एकात्म मानववाद के प्रणेता प्रेणता , जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि आज 11 फरवरी को



नलखेड़ा मंडल के समस्त मतदान केदो पर मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा आजीवन सहयोग निधि प्रदान की गई ।

# नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा चलाया गया अतिक्रमण अभियान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अश्वनी शेखर( ब्यूरो उन्नाव**



**उन्नाव** शुक्लागंज/गंगाघाट नगर पालिका द्वारा नगर में अतिक्रमण अभियान चला कर राजधानी मार्ग के किनारे का अधिकतर अवैध अतिक्रमण हटाया गया,मंगलवार दोपहर नगर पालिका गंगाघाट ईओ,जेई व लेखपाल की अध्यक्षता में भारी पुलिस बल के साथ नवीन गंगापुल से लगाकर राजधानी मार्ग दुर्गा मंदिर के आस पास का अधिकांश अवैध अतिक्रमण जेसीबी द्वारा हटाया गया वही तीन दिवसीय चलने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत राजधानी मार्ग के दोनों ओर के अतिक्रमण को भी हटाया जायेगा।

# जनपद सदस्य प्रत्याशी गजेंद्री वर्मा को मिल रहा है अपार जन समर्थन

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। गांव गांव में चुनावी उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। वही इस बार प्रत्याशियों के द्वारा मतदाताओं को क्षेत्र की सर्वांगीण विकास कार्यों का मुद्दा बनाते हुए लुभाने और रिझाने के लिए तरह-तरह के वायदे किए जा रहे हैं। इस बार मतदाता काफी जागरूक नजर आ रहे हैं और पंच सरपंच जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए सुयोग्य संघर्षशील कर्मठ शिक्षित एवं समाजसेवी की तलाश कर रहे हैं जो सबका साथ सबका विकास की सिद्धांत पर चलकर क्षेत्र की सर्वांगीण विकास कर सके।



ऐसे ही नजारा इन दिनों जनपद पंचायत बलौदाबाजार के क्षेत्र क्रमांक 10 में जनपद सदस्य पद के लिए देखने को मिल रही है। अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित होने के कारण 06 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जिसमें गजेंद्री वर्मा को ब्लैक बोर्ड गेस बाई वर्मा को बरगद का पेड़ हेमलता देवराम साहू झोपड़ी लक्ष्मी जितेंद्र घृतलहरे ट्रैक्टर चलाता किसान संगीता दिनेश तराजू छाप एवं सविता वर्मा को फसल काटता किसान चुनाव चिन्ह को लेकर चुनावी मैदान में है। सभी प्रत्याशी अपने अपने स्तर पर पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में लगा हुआ है। इस बार जनपद क्षेत्र के मतदाता ब्लैक बोर्ड के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रही ग्राम कोलिहा के सेवानिवृत प्राचार्य अशर्फी वर्मा की बहु गजेंद्री बाई वर्मा जो क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित एवं काफी शिक्षित प्रत्याशी है जो जमीनी स्तर से जुड़कर समाज सेवा में लगी हुई मतदाताओं के नजर में जनपद सदस्य के लिए पहली पसंद के रूप देखी जा रही है। हमारे इस जिला प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान प्रत्याशी गजेंद्री वर्मा ने बताया कि सबका साथ सबका विकास सबको इज्जत सबको सम्मान देने के उद्देश्य एवं क्षेत्र की सर्वांगीण विकास करने के लिए मैं संकल्पित रहूंगी और पूरे तन मन धन से क्षेत्र की सदैव विकास में अपनी समय दूंगी। वैसे भी अभी देखा जाए तो गजेंद्री वर्मा सुयोग्य संघर्षशील कर्मठ शिक्षित और समाजसेवी प्रत्याशी है। मतदाता ऐसे शिक्षित उम्मीदवार को समर्थन देती है तो निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास और कायाकल्प ज्यादा दूर नहीं है। एमएससी और बीएड शिक्षा प्राप्त गजेंद्री वर्मा अपनी सरल सहज स्वभाव के चलते मतदाताओ के बीच अन्य प्रत्याशियों से काफी लोकप्रियता हासिल कर रही है। इस जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक में ग्राम पंचायत कोलिहा सर्वाडीह मुंडा ढनढनी बगबुडा सहित पांच गांव के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चर्चा के दौरान मतदाताओं ने कहा कि इस बार संघर्षशील शिक्षित एवं समाजसेवी जनपद सदस्य को प्रतिनिधित्व देंगे जो हमारे क्षेत्र में पिछड़े हुए पेयजल शिक्षा स्वास्थ्य एवं आवागमन की सुविधा को प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण कर सके। सभी दृष्टि से देखा जाए तो गजेंद्री वर्मा सभी प्रत्याशियों पर भारी पड़ रही है।